

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



रांची, रविवार, 14 जून 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा 14 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 270, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

हंसते-हंसाते समाज का सच दिखाना ज्यादा असरदार : माधुरी दीक्षित ◀◀ 6


# रांची में मिला दो डेडबॉडी, मचा हड़कंप

## एक शव रिम्स के पीछे तो दूसरा जगन्नाथ मंदिर के पास मिला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** रविवार सुबह राजधानी रांची के धुर्वा और बरियातू थाना क्षेत्र से दो शव बरामद किए गए हैं। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों ही थानों की पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

**जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे पुल के नीचे मिला युवक का शव :** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे बने पुल के नीचे एक युवक का शव बरामद किया गया। सुबह टहलने निकले लोगों एवं राहगीरों ने जैसे ही पुल के नीचे शव देखा, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना



की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही जगन्नाथपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। जांच के दौरान मृतक की पहचान मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। वह रांची के धुर्वा स्थित पानी टंकी, डीटी-2116 महावीर मंदिर के समीप के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर मामले की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

पुलिस फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत दुर्घटना, आत्महत्या या किसी आपराधिक घटना का परिणाम है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल जगन्नाथपुर थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

**रिम्स के पीछे तालाब में मिला शव :** रिम्स के पास स्थित तालाब से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरमाद किया गया है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। बरियातू पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने रविवार को सूचना दी कि रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव देखा गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाल लिया। फिलहाल शव की पहचान के लिए सभी थानों को तस्वीर भेजी गई है, ताकि अगर कहीं मिसिंग की शिकायत दर्ज हो तो वहां शव की पहचान हो सके।

# पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवा को सस्ता और आसान बनाने के लिए काम किया: पीएम मोदी




**संवाददाता**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश ने पिछले 12 वर्षों में अच्छी स्वास्थ्य सेवा को ज्यादा सस्ता और आसान बनाने के लिए काम किया है, और सरकार स्वस्थ भारत बनाने के लिए ऐसे सभी काम करती रहेगी। मोदी ने यह भी कहा कि सरकार को गर्व महसूस होता है जब भारत को दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा प्रोग्राम, आयुष्मान भारत वाले देश के रूप में जाना जाता है, जो सबसे कमजोर लोगों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा देता है ।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, पिछले 12 वर्षों में, भारत ने अच्छी स्वास्थ्य सेवा को अधिक सस्ता और आसान बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना जैसी दूसरी कोशिशों से दवाइयां, स्टेंट और घुटने के इम्प्लांट सस्ते हुए हैं, और इससे कई लोगों को मदद मिली है।

साथ ही, उन्होंने कहा कि ज्यादा संस्थान और सीटें उपलब्ध होने से मेडिकल एजुकेशन भी लोगों के लिए अधिक आसान हो गई है। उन्होंने कहा, हम स्वस्थ भारत बनाने के लिए अब तक की गई पहलों पर आगे भी काम करते रहेंगे।

केंद्र सरकार के प्लेटफॉर्म 'माई गोव इंडिया' ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सबसे जरूरी निवेश में से एक है जो कोई देश कर सकता है। इसमें कहा गया, पिछले 12 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने यह सुनिश्चित करने के लिए काफी कदम उठाए हैं कि अच्छी स्वास्थ्य सेवा ज्यादा लोगों तक, अच्छे तरीके से और सस्ते में पहुंचे। आज हेल्थकेयर इकोसिस्टम अपने नागरिकों के लिए अधिक आसान, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार है।

माई गोव इंडिया ने आगे कहा कि एक मजबूत हेल्थकेयर सिस्टम ज्यादा डॉक्टरों, बेहतर ट्रेनिंग और मेडिकल एजुकेशन तक ज्यादा पहुंच से शुरू होता है। इसमें कहा गया, पिछले कुछ वर्षों में, मेडिकल प्रोफेशनल्स बनने की चाह रखने वालों को घर के पास मौके मिले हैं, जिसमें वे इलाके भी शामिल हैं जहां पहले ऐसे संस्थान नहीं थे। इसका नतीजा यह है कि एक स्वस्थ भारत की सेवा के लिए तैयार स्किल्ड हेल्थकेयर टैलेंट का एक बढ़ता हुआ पूल है।

बयान में कहा गया कि लाखों परिवारों के लिए, टीबी के खिलाफ लड़ाई अब अंधेरे में नहीं लड़ी जा रही है। साथ ही, जल्दी पता लगाने, बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग, बेहतर इलाज की पहुंच और समुदाय की भागीदारी के जरिये, भारत टीबी-मुक्त भविष्य की ओर अपनी यात्रा तेज कर रहा है। इसमें कहा गया कि कुछ बीमारियां जो कभी बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां थीं, वे अब धीरे-धीरे इतिहास बन रही हैं। बयान में आगे कहा गया, बेहतर निगरानी, ??मजबूत हेल्थकेयर डिलीवरी और लगातार सार्वजनिक स्वास्थ्य कोशिशों से भारत को बीमारियों का बोझ कम करने और कई रोकी जा सकने वाली बीमारियों को खत्म करने में मदद मिल रही है।

खौफनाक वारदात

# पारिवारिक विवाद में पति ने ग्राइंडर मशीन से रेत डाला पत्नी का गला, गिरफ्तार



**संवाददाता**

**गिरिडीह:** जिले के बिरनी में दिल दहलाने वाली एक घटना घटी है। यहां पर पति ने अपनी अधेड़ पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या टाइल्स-मार्बल काटने वाली ग्राइंडर मशीन से की गई है। घटना शनिवार देर शाम बिरनी थाना इलाके के भरकट्ठा ओपी अंतर्गत केशोडीह पंचायत के सिरमाडीह गांव का है। लेकिन परिजनों को इसकी जानकारी अगले दिन रविवार को मिली। इसके बाद घटना की सूचना एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली। सूचना मिलते ही एसपी ने एसडीपीओ सरिया-बगोदर धनंजय कुमार को तुरंत ही एक्शन लेने को कहा। जिसके बाद बिरनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारोपी पति दौलत साव को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर मृतक की बहू से भी पूछताछ की जा रही है।

सूचना पर प्रखंड प्रमुख रामू बैठा के साथ उपप्रमुख शेखर भी पहुंचे। पूरी घटना की जानकारी ली। बताया गया कि मृतक 55 वर्षीय कुर्सी देवी दिव्यांग भी थी। कुर्सी और दौलत के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। काफी दिनों से एक बड़ी बात को लेकर विवाद होता रहता था। इसी विवाद के कारण शनिवार की देर शाम को दौलत ने कमरे के अंदर ही अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इधर, लोगों का कहना है कि मामला अवैध संबंध से जुड़ा है। प्रमुख रामू बैठा के साथ-साथ उपप्रमुख शेखर ने कांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर सरिया-बगोदर एसडीपीओ धनंजय राम ने कहा कि दौलत साव नामक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी कुर्सी देवी की हत्या निर्ममता पूर्वक करने की बात समाने आयी है। मामला अवैध संबंध का है या बात कुछ और है इसकी जांच की जा रही है। दौलत साव समेत दो लोगों से पूछताछ चल रही है।

# डंपर ने कार को आधा किलोमीटर तक घसीटा आग का गोला बनी गाड़ी, 2 लोग जिंदा जले

**जबलपुर :** मध्य प्रदेश के जबलपुर-मंडला हाईवे पर एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी और उसे करीब आधा किलोमीटर तक सड़क पर घसीटता ले गया। इस खौफनाक हादसे में कार आग का गोला बन गई और अंदर फंसे दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। यह भीषण हादसा जबलपुर शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर बरेला कस्बे में शारदा मंदिर के पास नागा घाटी में शनिवार शाम को घटित हुआ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रेत से भरा यह भारी-भरकम डंपर मंडला की तरफ से आ रहा था, जबकि स्कार्पियो कार जबलपुर से मंडला की ओर जा रही थी। नागा घाटी के पास डंपर चालक ने ओवरटेक करने की



कोशिश में स्कार्पियो को भयंकर टक्कर मार दी। हद तो तब हो गई जब टक्कर मारने के बाद आरोपी ड्राइवर ने गाड़ी रोकने की बजाय उसे भगाना जारी रखा। इस दौरान कार करीब 500 मीटर तक सड़क पर बुरी तरह घिसटती रही। इसी बीच कार एक अन्य गाड़ी से टकरा गई और चिंगारी उठने से उसमें भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार ने आग के गोले का रूप ले लिया।

आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार दोनों लोगों को बाहर निकलने का जरा भी मौका नहीं मिला और वे अंदर ही फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि वे बेबस नजर आए और दोनों ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि उनकी तुरंत पहचान करना नामुमकिन हो गया है। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस अब कार के चेचिस नंबर और जले हुए हिस्सों की जांच कर मृतकों की पहचान करने में जुटी है, साथ ही फरार ड्राइवर की गिरफ्तारी के लिए सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

## ट्रंप के दबाव के बावजूद भारत ने बढ़ाई रूस से तेल खरीद, चीन के बाद बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

**नई दिल्ली :** वैश्विक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद भारत ने रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल की खरीद में और तेजी ला दी है। यूरोप के थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के मुताबिक, मई महीने में भारत ने रूस से करीब 5.8 अरब यूरो (लगभग 6.7 अरब डॉलर) के जीवाश्म ईंधन का आयात किया। इसके साथ ही भारत चीन के बाद रूसी ईंधन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस से तेल न खरीदने की सलाह को नजरअंदाज करते हुए भारत ने मई में रूसी कच्चे तेल के आयात में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इसी के चलते देश के कुल कच्चे तेल आयात में भी 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## पटना में पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों का बवाल

# एग्जाम स्पेशल ट्रेन में देरी पर भड़के छात्र, स्टेशन पर की तोड़फोड़

### लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग से दहला स्टेशन



**पटना :** बिहार पुलिस निषेध विभाग की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों का गुस्सा रविवार को पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर हिंसक रूप ले लिया। ट्रेन की माकूल व्यवस्था न होने का आरोप लगाते हुए नाराज छात्रों ने स्टेशन पर जमकर हंगामा किया और परीक्षा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेन में भारी तोड़फोड़ की। स्थिति को बेकाबू होते देख पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोले दागने पड़े और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग तक करनी पड़ी।

**आईजी समेत कई पुलिस अधिकारी हुए घायल:** जानकारी के अनुसार, रविवार को बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमा हुए थे। इसी बीच ट्रेनों की व्यवस्था को लेकर छात्रों की नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन उग्र हो गया और प्रदर्शनकारियों ने रेलवे संचालन को बाधित करने का प्रयास करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की भनक लगते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। शुरूआत में भीड़ को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन जब स्थिति काबू से बाहर होने लगी, तो पुलिस को एक्शन लेना पड़ा। इस भीषण बवाल और पत्थरबाजी में आईजी समेत कई पुलिस अधिकारियों को चोटें आई हैं। एहतियात के तौर पर स्टेशन परिसर और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**अतिरिक्त ट्रेनों की मांग को लेकर खींची गई इमरजेंसी चेन:** इस पूरे बवाल पर पटना के जिलाधिकारी डॉ। त्यागराजन ने बताया कि प्रशासन को देर रात ही स्टेशन पर कुछ लोगों द्वारा हंगामा करने की सूचना मिल गई थी। प्रशासन ने लगातार छात्रों से शांति बनाए रखने और अन्य अभ्यर्थियों का सहयोग करने की अपील की। डीएम के मुताबिक, स्टेशन पर पहले से ही दो स्पेशल ट्रेनें उपलब्ध करवाई गई थीं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व लगातार ट्रेनों की इमरजेंसी चेन खींचकर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की मांग पर अड़े हुए थे। इन उपद्रवियों ने उन अभ्यर्थियों को भी ट्रेन में चढ़ने से रोकने का प्रयास किया जो शांतिपूर्वक परीक्षा देने जाना चाहते थे, जिसके चलते पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

# ट्रंप का ऐलान: अमेरिका-ईरान समझौते की उल्टी गिनती शुरू, आज बदल जाएगा पश्चिम एशिया का भविष्य



**नई दिल्ली/एजेंसी:** कई महीनों की तनावपूर्ण बातचीत, सैन्य टकराव और कूटनीतिक प्रयासों के बाद अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्ति संबंधी समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह पश्चिम एशिया की राजनीति में बड़ा बदलाव माना जाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि समझौते के तुरंत बाद सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को सभी देशों के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को राहत मिल सकती है।

**ईरान की चुप्पी बरकरार:** सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा कि समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले हैं और इसके बाद क्षेत्र में स्थिरता का नया दौर शुरू हो सकता है। हालांकि, समझौते को लेकर ईरान की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में अंतिम घोषणा से पहले स्थिति पर नजर बनी हुई है। ट्रंप ने यह भी कहा कि यदि समझौता उम्मीदों के अनुरूप नहीं हुआ तो अमेरिका के पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं, हालांकि उन्होंने आशा जताई कि कूटनीतिक प्रक्रिया सफल रहेगी। ट्रंप ने प्रस्तावित समझौते की तुलना 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में हुए परमाणु समझौते से की। उन्होंने दावा किया कि ओबामा का समझौता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में ले जा सकता था, जबकि उनका प्रस्तावित समझौता ईरान के लिए परमाणु हथियारों का रास्ता पूरी तरह बंद कर देगा। ट्रंप के अनुसार, ईरान अब न तो परमाणु हथियार विकसित कर पाएगा और न ही किसी अन्य माध्यम से उसे हासिल कर सकेगा।

**पाकिस्तान बोला- समझौता अंतिम चरण में:** इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अगले 24 घंटों में इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समझौते पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिसके बाद अगले सप्ताह तकनीकी स्तर की वातार्एं शुरू हो सकती हैं। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, मिस्र और स्विट्जरलैंड के वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बातचीत की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन चर्चाओं में अमेरिका-ईरान वार्ता की प्रगति और क्षेत्रीय स्थिरता पर विचार-विमर्श किया गया।

**कतर और सऊदी अरब भी सक्रिय:** शहबाज शरीफ ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से भी बातचीत की और शांति प्रक्रिया में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वहीं सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ हुई वार्ता में भी समझौते की दिशा में प्रगति का स्वागत किया गया। हालांकि ट्रंप और पाकिस्तान दोनों ने समझौते को लेकर आशावादी संकेत दिए हैं, लेकिन अंतिम तस्वीर तभी साफ होगी जब अमेरिका और ईरान दोनों आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि करेंगे। यदि यह समझौता सफल होता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया में स्थिरता और शांति की नई उम्मीद भी जगा सकता है।

# सभी के लिए खुलेगा होर्मुज, ईरान अमेरिका के साथ समझौते के तहत टोल न लेने पर सहमत

**मॉस्को:** ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से टोल न लेने पर सहमत हो गया है। फॉक्स न्यूज ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। चैनल ने बताया है कि ईरान उस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोल देगा जहां कोई टोल नहीं लिया जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चैनल को बताया कि अगर यह समझौता हो जाता है, तो ईरान के जलडमरूमध्य खोलने के साथ ही अमेरिका नाकेबंदी हटा लेगा, जिसके बाद बारूदी सुरंगें हटाने का काम शुरू होगा। इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि ईरान और ओमान जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य में शिपिंग मैनेजमेंट पर एक संयुक्त बयान जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि टोल लेने के बारे में कोई बात नहीं हुई है, लेकिन सेवाओं के लिए शुल्क लिए जाने की उम्मीद है।



## समाचार सार

### राज्यसभा चुनाव में 'नाथवानी' की एंट्री से त्रिकोणीय हुआ मुकाबला,2 -आंकड़ों के खेल में फंसा महागठबंधन

**रांची:** झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के लिए होने वाला चुनाव अब त्रिकोणीय मुकाबले में बदलता नजर आ रहा है। उद्योगपति एवं एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी के मैदान में उतरने से राजनीतिक समीकरणों को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। एनडीए के पास 24 विधायकों का समर्थन माना जा रहा है, जबकि जीत के लिए 28 वोटों की आवश्यकता है। ऐसे में उनकी नजर अन्य दलों के विधायकों पर टिकी हुई है। कई विधायकों से उनकी बातचीत भी हो चुकी है।

राजनीतिक गलियारों अटकलें तेजः परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को लेकर विवाद भी चर्चा का विषय बना हुआ है। नामांकन में कथित त्रुटियों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने विरोध और धरना-प्रदर्शन किया था, लेकिन निर्वाचन पदाधिकारी ने उनके नामांकन को वैध घोषित कर दिया। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। महागठबंधन की ओर से झामुमो ने बैद्यनाथ राम और कांग्रेस ने प्रणव झा को उम्मीदवार बनाया है। झामुमो के पास 34 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 16 और राजद के 4 विधायक हैं। एक उम्मीदवार की जीत के लिए 28 वोट जरूरी हैं। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत महागठबंधन की एकजुटता पर निर्भर मानी जा रही है। अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं उम्मीदवारः राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि झारखंड के राज्यसभा चुनावों में अक्सर अंतिम समय तक समीकरण बदलते रहे हैं। परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी के बाद क्रॉस वोटिंग और राजनीतिक जोड़-तोड़ की संभावनाओं पर भी चर्चा हो रही है। झारखंड में इस तरह का कई बार हो चुका है। क्रॉस वोटिंग और हॉर्स ट्रेडिंग यहां पर कोई नई बात नहीं है। हालांकि एनडीए और महागठबंधन दोनों अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हैं। अब सभी की नजर 18 जून को होने वाले मतदान और उसके नतीजों पर टिकी है, जिससे यह साफ हो जाएगा कि राज्यसभा की दोनों सीटों पर किसका कब्जा होता है।

### वज्रपात से इको पार्क में कार्यरत महिला मजदूर की मौत, मुआवजे की मांग

**चतरा:** जिले में मौसम के बदले मिजाज के बीच शनिवार की देर शाम एक बड़ा हादसा हो गया। तेज आंधी, गर्जन और जोरदार बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।घटना सदर थाना क्षेत्र के डीसी ऑफिस के पीछे स्थित इको पार्क की है। सदर थाना क्षेत्र के बेरियों गांव की रहने वाली मृतका गीता देवी (25वर्ष) अपने पति प्रभु गंझू के साथ बालूमाथ के ठेकेदार प्रदीप यादव के मातहत पार्क में काम कर रही थी। तभी अचानक तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरी और गीता देवी उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल चतरा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद रोते-बिलखते पति प्रभु गंझू ने जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सरकारी सहायता राशि अविलंब देने की मांग की है। इस बाबत चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी मो जहूर आलम ने बताया कि आपदा राहत कोष के तहत मृतक के परिजनों को 4 लाख रु की राशि दी जाएगी।

### रोजी रोटी की तलाश मे गया युवक आंध्र प्रदेश से हुआ गायब



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत बलनिया गाव से एक व्यक्ति अपने परिवार को पालने के लिए आंध्र प्रदेश गया और वहां जाने के बाद अचानक गायब हो गया। बताते चले की विगत शनिवार को सूफारी चौधरी पिता जनार्दन चौधरी जो गाव के ही जीतन भारती के साथ बाहर काम करने गया था जिसकी जानकारी लेने के लिए सूफारी चौधरी का पुत्र मायलाल कुमार ने जब उसके साथी जीतन भारती के पास फोन किया तो उसके पैरो तले जमीन खिसक गयी।जीतन ने कहा की यहा पहुँचने के तुरंत बाद तुम्हारे पिता यहा से निकल गये है।पिता की कुशलता की जानकारी नही मिलने से पुत्र मायालाल काफी परेशान हो गया और पिता की जानकारी इकठा करने मे लग गया। मायलाल कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया की गाव के ही जीतन भारती के द्वारा अपने खर्चे से मेरे पिता को काम पर ले जाया गया जहा काम पर जाने से पहले 05/06/2026 की रात को जाने वाले सभी लोगो ने आपस मे दावत किया और अगले दिन आंध्र प्रदेश के लिए निकल गये जहा 10 जून को पहुँचने के बाद भी सभी लोगो ने पार्टी किया उसके बाद जब मैने कॉल किया तो जीतन भारती ने ये कह कर पल्ला झाड़ लिया की सूफारी चौधरी यहा से निकल गया है और मेरे पास उसकी कोई जानकारी नही है। मायलाल कुमार ने अपने पिता की जानकारी मे बताया की नाम सूफारी चौधरी उम्र 48 वर्ष लम्बाई 5 फुट 5 इंच शरीर दुबला पतला बाल काला और मुख्य निशान के तौर पर बताया की मेरे पिता का आगे का एक दांत टूटा हुआ है और उसने आम जन से ये गुहार लगाया है।

### चतरा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई,बाबा घाट के खंडहर से 12.12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार



**चतरा:** पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की विशेष टीम ने सदर थाना क्षेत्र के बाबा घाट मैदान स्थित एक अर्धनिर्मित खंडहर में छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हुए चार शातिर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सन्नी वर्धन और सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार की शाम यह बड़ी कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कुल 12.12 ग्राम ब्राउन शुगर और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों में देवरिया निवासी अजीत पांडेय और लौकेश कुमार, बिंड मुहल्ला निवासी मो० इरफान तथा चुड़ीहार मुहल्ला निवासी मो० एजाज शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में से मुख्य सरगना अजीत पांडेय का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर सदर थाने में एनडीपीएस एक्ट और चोरी के कुल सात मामले पहले से दर्ज हैं। इसके अलावा लौकेश कुमार और मो० इरफान भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 236/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

अवैध कोयला खनन बना मौत का कुआं

# 30 फीट गहरे गड्ढे में दम घुटने से चार युवकों की मौत

ऑक्सीजन की कमी और गैस की चपेट में आने से गयी जान



**संवाददाता**

**रांची/रामगढ़:** रामगढ़ जिले के सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत बंद पड़ी भूमिगत खदान के विपरीत काजू बगान जंगल क्षेत्र में शनिवार को अवैध कोयला खनन के दौरान एक बहुत ही गंभीर और दुखद हादसा सामने आया है। यहाँ एक अवैध रूप से खोदे गए गड्ढे के भीतर कोयला निकालने उतरे चार युवकों की दम घुटने और गैस की चपेट में आने से जान चली गई। बताया जा रहा है कि खदान के अंदर ऑक्सीजन की भारी कमी और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों के रिसाव के कारण चारों युवक भीतर ही फंस गए। इस बड़े हादसे के बाद से पूरे सिरका और टोंगी इलाके में गहरा शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

30 फीट गहरे गड्ढे में उतरे थे चार युवकः जानकारी के अनुसार, चार युवक काजू बगान जंगल में बनाए गए एक खदाननुमा संकरे गड्ढे में उतरे थे। करीब 30 फीट गहरे इस गड्ढे के अंदर जाने के तुरंत बाद वे खदान के भीतर ही फंस गए। काफी देर तक जब वे बाहर नहीं निकले, तो बाहर खड़े अन्य सहयोगियों और आसपास के ग्रामीणों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद तुरंत मामले की जानकारी सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई, जिसके बाद मौके पर बचाव कार्य शुरू किया गया।

12 सदस्यीय रेस्क्यू टीम : घटना की सूचना मिलते ही सीसीएल अरगड्डा के सेफ्टी ऑफिसर रमेश कुमार और एरिया क्वालिटी मैनेजर एसएन तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल माइंस रेस्क्यू टीम और गिद्दी अस्पताल की मेडिकल टीम को अलर्ट किया। इसके तुरंत बाद माइंस सुपरिटेंडेंट विकास कुमार के नेतृत्व में 12 सदस्यीय रेस्क्यू टीम आधुनिक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर उतरी। वहीं गिद्दी अस्पताल से सागर कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय मेडिकल टीम भी एंबुलेंस के साथ मौके पर मुस्तैद रही, ताकि बाहर निकाले जाने वाले युवकों को तुरंत मेडिकल सहायता दी जा सके।

चारों युवक गैस की चपेट में आएः माइंस रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने खदान के भीतर जाकर जांच की, तो हादसे की मुख्य वजह स्पष्ट हो गई। जांच के दौरान पता चला कि खदान के ऊपरी हिस्से में जहां ऑक्सीजन का स्तर करीब नौ प्रतिशत था। वहीं, 30 फीट नीचे और अंदरूनी हिस्से में यह घटकर मात्र दो प्रतिशत रह गया था। इसके साथ ही खदान के भीतर कार्बन डाइऑक्साइड समेत अन्य गैसों का भारी जमावड़ा पाया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि इतने कम ऑक्सीजन वाले माहौल में व्यक्ति कुछ ही मिनटों में बेहोश हो जाता है और यही कारण रहा कि चारों युवक गैस की चपेट में आ गए।

**एक-एक करके बाहर निकाले गये युवक:** रेस्क्यू टीम ने खदान के अंदर कई घंटों तक बेहद कठिन और सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। भारी मशक्कत के बाद चारों युवकों को एक-एक कर बाहर निकाला गया, जिनकी पहचान सिरका बुधबाजार निवासी किशोर व आशीष तथा टोंगी निवासी देवा व डब्लू के रूप में की गई है। बाहर निकालते ही वहां मौजूद चिकित्सा टीम ने उनकी स्थिति की जांच की। इसके बाद परिजन और ग्रामीण बेहतर इलाज की उम्मीद में सभी को रांची रोड स्थित होप अस्पताल ले गए, लेकिन वहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने चारों को आधिकारिक रूप से मृत घोषित कर दिया है।

झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

## समावेशी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**संवाददाता**

**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा परियोजना के विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण तथा विद्यालय से बाहर रह रहे दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में जिले में कार्यरत संकुल साधनसेवी (सीआरपी) एवं प्रखंड साधनसेवी (बीआरपी) के कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित वार्षिक अनुश्रवण लक्ष्यों को पूर्ण करने वाले सीआरपी एवं बीआरपी को 03 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाएगा। वहीं निर्धारित लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले कर्मियों को उक्त वृद्धि के दायरे से बाहर रखा जाएगा।संकुल साधनसेवी से संबंधित अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मृत सीआरपी के आश्रितों से आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर मामले को अगली कार्यकारिणी समिति की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।बैठक में जिला स्तरीय एवं प्रखंड संसाधन केंद्रों में कार्यरत कर्मियों को उनके कार्य प्रदर्शन (परफॉर्मेंस अप्रेजल) के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय (जेबीएवी) में कार्यरत पूर्णकालिक शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को वार्षिक मानदेय वृद्धि प्रदान करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान एक संसाधन शिक्षक के स्वास्थ्यगत कारणों से दीर्घकालीन अनुपस्थिति के मामले की समीक्षा करते हुए संबंधित अभिलेखों की जांच उपरांत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा मामले को अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।बैठक का एक महत्वपूर्ण विषय विद्यालय से बाहर रह रहे दिव्यांग बच्चों का नामांकन रहा। डहर पोर्टल के माध्यम से चिन्हित 34 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विशेष रणनीति तैयार की गई। इस संबंध में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पंचायती राज, सूचना एवं जनसंपर्क तथा बाल संरक्षण इकाइयों के साथ समन्वित कार्ययोजना पर चर्चा की गई। उपायुक्त श्री आनंद ने निर्देश दिया कि प्रत्येक चिन्हित दिव्यांग बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**संवाददाता**

**चतरा:** नशा मुक्त भारत अभियान-2026 के अंतर्गत समाहरणालय परिसर में शनिवार को जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण तथा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त रवि आनंद ने समाहरणालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजनों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूक करेगा।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों एवं अन्य प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए इसके प्रति व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से नशामुक्त चतरा के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इसके उपरांत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में उपायुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश आमजनों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, ईडीएम, एनडीसी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक (समर कार्यक्रम), यूआईडी पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## घर से पेट्रोल पंप में काम करने निकला मजदूर रहस्यमयी ढंग से हुआ लापता

16 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग, परिजनों को सता रही अनहोनी की चिंता



**संवाददाता**

,11

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो- सतघरवा गांव से 28 मई को नागर पेट्रोल पंप में काम करने निकला मजदूर अचानक रहस्यमयी ढंग से लापता हो गया है। 16 दिन बीतने के बाद भी मजदूर का कही भी सुराग नहीं मिल पा रहा है।परिजनों ने मजदूर के गायब होने की शिकायत पुलिस से 9 जून को की। पुलिस परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई है लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। तो वहीं परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। इसको लेकर परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मजदूर की पत्नी का आरोप है कि थाना में आवेदन दिए 5 दिन हो गया है, लेकिन पुलिस अभी तक जांच के लिए घर तक भी नहीं पहुंची है।परिवार लगातार उसकी तलाश में भटक रहा है।

**क्या है पूरा मामला? :** जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढेबो सतघरवा निवासी 54 वर्षीय बिहारी भुइयां नागर पेट्रोल पंप पर सफाई का काम करता था। 28 मई को प्रतिदिन की तरह सुबह नागर इंडियन पेट्रोल पंप जाने के लिए घर से निकला था। काम में निकलने के बाद जब वह देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब लापता मजदूर का बेटा दूसरे दिन पेट्रोल पंप पहुंचा, तो पेट्रोल पंप के कर्मियों ने बताया कि उसके पिता यहां काम के लिए नहीं आए हैं। जिसके बाद परिजनो की चिंता और बढ़ गई।परिजनों ने करीब 11 दिन खोजबीन के बाद 9 जून को थक-हारकर हंटरगंज थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस गंभीरता से देखते हुए खोजबीन कर रही है,लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। उसकी पत्नी फूलमतीया देवी ने बताया कि उसके पति का किसी से कोई विवाद या झगड़ा नहीं था।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** 16 दिन बीत जाने के बाद परिवार के सदस्यों का धैर्य जवाब दे रहा है। पत्नी और बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि पुलिस की जांच प्रक्रिया धीमी है और वे अपने स्तर पर भी हर संभावित जगह उसे ढूंढ चुके हैं। अब उन्हें अनहोनी होने की चिंता सता रही है। उन्होंने जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारियों से खोजबीन की गुहार लगाई है। इधर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा कि चार दिन पहले आवेदन मिला है। मजदूर की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

### दुर्घटना को दावत दे रहे सूखे और सड़क पर झूलते पेड़ ,कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**चतरा:** गया-चतरा मुख्य मार्ग पर डीएवी स्कूल के समीप स्थित चिमटी रेस्टोरेंट के बगल में सड़क किनारे खड़े सूखे और झूलते पेड़ राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। यहां दो विशालकाय सूखे पेड़ तथा एक आम का पेड़ सड़क के ऊपर तक झूल रहा है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों और होटल संचालक के अनुसार, कई बार बस, कार और दोपहिया वाहन इन पेड़ों की चपेट में आ चुके हैं। हाल ही में सड़क पर झूलता एक पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा। संयोग अच्छा रहा कि उसी समय गयाजी की ओर जा रही एक यात्री बस कुछ सेकेंड पहले वहां से गुजर चुकी थी। यदि बस की रफ्तार थोड़ी धीमी होती और वह दो सेकेंड बाद वहां पहुंचती, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात और तेज हवा के दौरान सूखे पेड़ की टहनियां टूट टूटकर न सिर्फ गिरती रहती है बल्कि सड़क पर झूलते पेड़ के उखड़क सड़क पर गिर जाने का खतरा भी बना रहता है। बावजूद इसके अब तक संबंधित विभाग द्वारा इन्हें हटाने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। होटल संचालक प्रिंस कुमार समेत स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से अविलंब कार्रवाई करते हुए सूखे एवं सड़क पर झूल रहे पेड़ों को हटाने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का स्थापना दिवस मना



**रांची:** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का द्वितीय स्थापना दिवस रविवार को श्रद्धा, सेवा और मानवता के भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से परम पूज्य डॉ। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में होगा।

आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 48 निराश्रित, मंदबुद्धि एवं दिव्यांग प्रभुजनों की देखभाल की जा रही है। उन्हें भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, योग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी सदानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में देशभर में 16 अपना घर आश्रम संचालित हैं, जहां 4,000 से अधिक दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों की सेवा की जा रही है। स्थापना दिवस समारोह में समाज के लोगों से मानव सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर मौलाना असगर मिस्बाही का संदेश स्वैच्छिक रक्तदान से बचाई जा सकती है किसी की जिंदगी



**रांची:** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मौलाना असगर मिस्बाही ने सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और आपका एक छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति तथा उसके परिवार के चेहरे पर फिर से खुशियां लौटा सकता है।

उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए दुर्घटना, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के लिए रक्तदान ही जीवनदायिनी साबित होता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है और इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती।

उन्होंने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी रक्तदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के ऐसे लोग मानवता के सच्चे सेवक हैं, जो निस्वार्थ भाव से दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य करते हैं। मौलाना मिस्बाही ने आमजन से अपील की कि वे रक्तदान के प्रति जागरूक हों और अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य से जोड़ने का प्रयास करें।

## 28 जून को धूमधाम से लगेगा मुहर्रम मेला, तैयारियां शुरू



**चान्हो:** चान्हो मेला टांड़ में रविवार को सेंट्रल मुहर्रम कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कमिटी के सदर जुलफान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चान्हो का प्रसिद्ध मुहर्रम मेला 28 जून 2026 को पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। बैठक में मेला की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, अखाड़ों के स्वागत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कमिटी के पदाधिकारियों ने बताया कि चान्हो का मुहर्रम मेला क्षेत्र का एक प्रमुख आयोजन है, जिसमें रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा लोहरदगा जिले से भी कई अखाड़े भाग लेने पहुंचते हैं। इससे मेले की भव्यता और आकर्षण बढ़ जाता है। कमिटी ने सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों से मेले को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।बैठक में मो० मोजीबुल्लाह, आदिल अजीम, मो। गेयास, तारिक अनवर, हफीजुल अंसारी, शोएब अंसारी, इब्राहिम अंसारी, सज्जाद अंसारी, अयनुल अंसारी, इरशाद खान, असीर अंसारी, नूरहसन अंसारी, नूर अंसारी एवं मोख्तार अंसारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# करण-अर्जुन की तलाश में जुटी पुलिस सूचना देने वाले को 50 हजार का इनाम




**मेट्रो रेज**

**रांची:** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र से दो जुड़वां भाइयों के लापता बच्चों की तलाश तेज कर दी गई है और उनके संबंध में सुराग देने वाले व्यक्ति को 50,000 रुपये का नगद इनाम देने की घोषणा की है। दरअसल धुर्वा थाना अंतर्गत शालीमार बाजार के रहने वाले विकास शर्मा के दो 12 वर्षीय जुड़वां बेटे, करण शर्मा और अर्जुन शर्मा बीते 1 जून से लापता हैं। इस संबंध में धुर्वा थाने में कांड संख्या 118/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हटिया स्टेशन के बाहर आखिरी बार आए थे नजरः आखिरी बार इन बच्चों को 3 जून 2026 को हटिया स्टेशन के बाहर देखा गया था। दोनों बच्चों का चेहरा गोल और रंग सांवला है। उनकी ऊंचाई लगभग 3.75 फीट है। लापता होने के वक्त उन्होंने नीले रंग की हाफ गोल गले की टी-शर्ट, नीली जींस पैंट और पैरों में फैंसी चप्पल पहनी हुई थी। रांची पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी इन बच्चों के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें। रांची पुलिस ने सूचना देने वालो के लिए आधिकारिक नंबर भी जारी किए हैं।

## लापता करण- अर्जुन की मां से ठगी का प्रयास

**रांची** : धुर्वा से लापता तीन बच्चों करण, अर्जुन और शिवा नायक के परिवार पहले ही अपनों की तलाश में परेशान हैं। इसी बीच किसी ने उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर ठगी करने की कोशिश की। करण की मां के मोबाइल पर एक फोन आया। दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने दावा किया कि बच्चों का पता उसके पास है। उसने कहा कि अगर 1800 रुपए भेज दिए जाएं तो वह बच्चों का टिकट कटवाकर उन्हें घर वापस भेज देगा। बच्चों की चिंता में डूबे परिवार के लिए यह फोन उम्मीद की एक किरण जैसा था। लेकिन कुछ देर बाद उन्हें शक हुआ और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जांच में पता चला कि फोन करने वाला कोई मददगार नहीं, बल्कि साइबर ठग था। पुलिस ने जब नंबर का तकनीकी विश्लेषण किया तो उसका लोकेशन हैदराबाद में मिला। राहत की बात यह रही कि परिवार ने उसके खाते में पैसे नहीं भेजे।

बच्चों के गायब होने की खबर का फायदा उठाने की कोशिशः पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बच्चों के लापता होने की खबर सार्वजनिक होने के बाद कुछ असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं। ऐसे मामलों में अक्सर ठग परिजनों की भावनाओं का फायदा उठाकर पैसे ऐंठने की कोशिश करते हैं। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के किसी भी फोन कॉल या संदेश पर भरोसा करने से पहले पुलिस को जरूर सूचना दें।

हटिया स्टेशन तक पहुंची जांचः इधर बच्चों की तलाश में जुटी पुलिस को जांच के दौरान यह पता चला है कि तीनों बच्चे 3 जून को हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में वे स्टेशन परिसर में घूमते, पानी पीते और बैठकर बातचीत करते दिखाई दिए हैं। फुटेज के अनुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे तक तीनों बच्चों की गतिविधियां कैमरों में रिकॉर्ड होती रहीं। लेकिन इसके बाद तकनीकी खराबी के कारण स्टेशन का सीसीटीवी सिस्टम बंद हो गया। सबसे बड़ी बात यह है कि दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक करीब तीन घंटे तक कैमरे काम नहीं कर रहे थे।

तीन घंटे का ब्लैक स्पॉट बना जांच की सबसे बड़ी चुनौतीः पुलिस का मानना है कि बच्चों के गायब होने की गुत्थी इन्हीं तीन घंटों में छिपी हो सकती है। जब शाम साढ़े चार बजे कैमरे दोबारा चालू हुए तो बच्चों का कहीं कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारियों का कहना है कि यदि कैमरे उस दौरान चालू रहते तो यह साफ हो सकता था कि बच्चे स्टेशन से बाहर गए या फिर किसी ट्रेन में बैठकर कहीं निकल गए। फिलहाल पुलिस उस समय हटिया स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों की भी जांच कर रही है।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान की अपील

## लहू बोलेगा टीम ने लोगों से आगे आने का किया आह्वान

**गुलाम शाहिद**



**रांची:** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था लहू बोलेगा के संस्थापक अध्यक्ष ने आम जनता से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। संस्थापक अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि खून के दो कतरे किसी की जान बचा सकते हैं। फिर देर किस बात की, आज से ही संकल्प लें कि हम नियमित रूप से रक्तदान करेंगे। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाता ही मरीजों की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक लोग रक्तदान अभियान से जुड़ें। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लहू बोलेगा टीम ने सभी नागरिकों से मानवता की सेवा के लिए आगे आने तथा नियमित रक्तदान करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

रक्तदान करें, जीवन बचाएं के संदेश के साथ टीम ने कहा कि एक छोटी सी पहल किसी के परिवार में खुशियां लौटा सकती है और किसी की जिंदगी को नया अवसर दे सकती है।

### एक्वा वर्ल्ड में डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले

## जूनियर वर्ग में रियान और सीनियर वर्ग में गायत्री बनी विजेता





**मेट्रो रेज**

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे कार्यक्रम श्रृंखला के तहत पिछले 6 शनिवारों से चल रहे डांस प्रतियोगिता का आज ग्रैंड फिनाले संपन्न हुआ। विजेताओं में जूनियर वर्ग में प्रथम रियान, द्वितीय पियूष, तृतीय खुशी, सांत्वना पुरस्कार वाणी, शाश्वत ने प्राप्त किया।सीनियर वर्ग में प्रथम गायत्री, द्वितीय शिवम, तृतीय अर्पणा और सांत्वना पुरस्कार रिया, दीपा ने प्राप्त किया। आज के अतिथि, सोहिनी रॉय, मृणालिनी अखौरी, बबीता केडिया थी। सभी विजेताओं को प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया और सर्टिफिकेट भी दिया गया।

आज टॉप दस प्रतिभागियों के द्वारा लता मंगेशकर और आशा भोंसले को श्रद्धांजलि दी गई। गणेश वंदना को मिक्स्ड एलिमेंट ग्रुप द्वारा किया गया। डेविड सर एवं समूह द्वारा लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलाकारों में प्रमुख थे स्वस्तिका राज, रिया कुमारी, अहम राज, श्रेया, साक्षी, मुस्कान, संजना, मानसी।शिखा रंजन ने बॉलीवुड फ्रीस्टाइल प्रस्तुति दी।श्याम, संदीप, सुशांत ने समूह डांस की प्रस्तुति दी।

वसीम आलम के वैमस मॉडलिंग ग्रुप ने ब्लैक एंड गोल्डन थीम पर शानदार रैंप शो प्रस्तुत किया।वाम्स मॉडलिंग इंस्टीट्यूट, डायरेक्टर- वसीम आलम, कोरियोग्राफर- श्वेता, डिजाइनर- नीलिमा हस्सा पूर्ति और मॉडलों में अंकिता शालिनी मिंज, सोनी मेहरा, रानी गोसाई, शिवानी परमार, अंजू सिंह, करण केशरी, आयुष सिंह, सलोमी खाखा, टन्नू सोनी, रोजलिन खलखो, सोनल नाग, अदिति प्रिया, सोनाली, काजल कुमारी, अंकित पांडेय, अनस प्रमुख थे।

आज के आयोजन में मुख्य रूप से एक्वा वर्ल्ड की डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा, डांस गुरु विपुल नायक,वसीम आलम,देव जीत नाहा (डीजे सर), लोकेश कुमार, आनंद, जीतू व अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने दिया इस्तीफा सियासी और कानूनी गलियारों में चर्चाओं का दौर



**रांची:** झारखंड की राजनीति और कानूनी जगत से एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। झारखंड सरकार के महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) राजीव रंजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की जानकारी सामने आते ही राज्य के सियासी और कानूनी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजीव रंजन ने अपना इस्तीफा राज्य सरकार को सौंप दिया है। हालांकि, उनके इस्तीफे के पीछे की वजहों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसे में विभिन्न स्तरों पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।महाधिवक्ता राज्य सरकार के सर्वोच्च विधिक सलाहकार होते हैं और उच्च न्यायालय सहित विभिन्न कानूनी मामलों में सरकार का पक्ष रखते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण पद से अचानक इस्तीफा दिए जाने को प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

फिलहाल राज्य सरकार की ओर से इस्तीफे को लेकर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं आई है। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सरकार नए महाधिवक्ता की नियुक्ति कब तक करेगी।

# स्वर्णरेखा बचाने को उठे हाथ, श्रमदान अभियान का हुआ शुभारंभ

### इक्कीसी महादेव मंदिर से शुरू हुआ जनजागरण अभियान, नदी में गिर रहे 45 एमएलडी दूषित जल पर जताई चिंता





**मेट्रो रेज**

**रांची:** स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर रविवार को चुटिया स्थित स्वर्णरेखा तट के इक्कीसी महादेव मंदिर प्रांगण से संदेशात्मक श्रमदान अभियान की शुरूआत की गई। स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति और वार्ड संख्या-13 के पार्षद पवन तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वर्णरेखा नदी को झारखंड की जीवनरेखा बताते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि संस्कृति, आस्था, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का आधार है। इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है।

स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष माखन पाठक ने नदी प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हरमू नदी के माध्यम से प्रतिदिन करीब 45 एमएलडी दूषित जल, मल-मूत्र और अन्य अपशिष्ट स्वर्णरेखा में मिल रहे हैं। उन्होंने मांग की कि वर्तमान जरूरतों के अनुरूप 45 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाए अथवा ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए जिससे प्रदूषित जल नदी में न पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो स्वर्णरेखा भी नाले का स्वरूप धारण कर सकती है।

पार्षद पवन तिर्की ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी मां के समान है और इसे स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के कैलाश केशरी ने कहा कि स्वर्णरेखा के प्रदूषण से पर्यावरण के साथ-साथ लोगों की धार्मिक आस्था भी प्रभावित हो रही है। दरिद्र नारायण भोज समिति के सूरज महतो और जनक महतो ने चुटिया क्षेत्र के सभी नदी-तालाबों के संरक्षण की मांग उठाई। बजरंग दल के संयोजक विक्रम साहू ने कहा कि संगठन नदी संरक्षण और जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगा। अभियान में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान लोगों से सप्ताह में कम से कम आधा घंटा स्वर्णरेखा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए श्रमदान करने की अपील की गई। समिति ने कहा कि यह जनजागरण अभियान लगातार चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़कर स्वर्णरेखा को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषणमुक्त बनाने में योगदान दे सकें।

## आदिम जाति सेवा मंडल आश्रम में बच्चों के बीच वस्त्र व भोजन सामग्री का वितरण



**रांची:** समाजसेवी मुकेश पोद्दार व उनकी धर्मपत्नी उषा पोद्दार के सौजन्य से राजधानी के निवारणपुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल (राजेंद्र आश्रम) में बच्चों के बीच वस्त्र व भोजन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेविका उषा पोद्दार ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों से भी गरीब, लाचार व बेसहारा लोगों की यथासंभव सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मुकेश पोद्दार, शहर के जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट, तनय शीट, तापस घोष, सुंबर मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र भवन, गुमला पिन-835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक 804 दिनांक 11.06.2026

**-: आवश्यक सूचना :-**

**नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में संविदा के आधार पर पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं गैर शैक्षणिक पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु प्राप्त आवेदन पत्र के डाटा प्रविष्टि उपरांत त्रुटि निराकरण/दावा/आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन के संबंध में :–**

जिला कार्यालय पत्रांक 1057 दिनांक 22.08.2025 के द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में संविदा के आधार पर पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं गैर शैक्षणिक पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र के डाटा प्रविष्टि उपरांत त्रुटि निराकरण/दावा/आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

यदि उपरोक्त डाटा प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा चूक हो तो संबंधित आवेदक दिनांक 20.06.2026 के अपराह्न 4:00 बजे तक झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला में हाथोहाथ अथवा निबंधित डाक से आवेदन समर्पित कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला

PR 382344 Jharkhand Education Project Council (26-27)_D

# इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स




**दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी हैं।**

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी हैं, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं।

मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

### टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

### बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।




## स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती है। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती है। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते है। इसके बारे में।

### कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकती हैं। कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कही भी नौकरी मिल जाएगी।

### प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही है तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

### अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते है तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।






## इटली में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है स्कॉलरशिप

**इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।**

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लूएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

### MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती है। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

### किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री

शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)

जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

### IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नही आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा-

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नही मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते है। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते है। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।

### DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती है जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

### DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इंनि-शुल्क आवास
- इंनि-शुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।






## कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

**अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।**

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरुरी नही कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते है और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए है, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरुरत नही पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

### कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

### जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमिटेशन भी नहीं होगी।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# संसाधनों की उपलब्धता और आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी का किया औचक निरीक्षण

**संवाददददाता**




साहिबगंजःउपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तालझारी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई निर्देश दिए गए। बाह्य रोग विभाग अंतरंग रोग विभाग दवाई वितरण केंद्र स्टोर रूम लैबोरेट्री, इत्यादि का भ्रमण कर उपलब्ध चिकित्सा की जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तालझारी में कुल 06 चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त एवं पदस्थापित हैं। इनमें से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावे एक अन्य चिकित्सक को भी ओपीडी का दायित्व देने हेतु निर्देश दिया गया। वहीं अन्य 04 चिकित्सा पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लगातार उक्त 04 चिकित्सकों के कार्यों के अनुश्रवण का निर्देश दिया गया।उपायुक्त द्वारा ऐसे सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, जहाँ वर्तमान में केवल एक एएनएम जीएनएम कार्यरत हैं, वहाँ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बाह्य स्त्रोत से एसबीए स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट नर्स की नियमानुसार सेवा प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तालझारी अंतर्गत नवनिर्मित बीपीएचयू भवन के आधारभूत संरचनात्मक विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बीपीएचयू भवन के लिए शौचालय निर्माण, बोरिंग, चहारदीवारी व पेवर्स ब्लॉक निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने के लिए जिला योजना पदाधिकारी साहिबगंज को निर्देशित किया। साथ ही भवन के आसपास स्थित पुराने एवं जर्जर ढांचों की जांच कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, साहिबगंज से कराने हेतु निर्देश दिया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित सोलर प्लांट के बैटरी पैनल की मरम्मति एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए नोडल, सोलर आधारित योजना, साहिबगंज को आवश्यक निर्देश दिए गए। संबंधित को शीघ्र कार्रवाई करते हुए सोलर प्रणाली को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाए रखने तथा स्वास्थ्य केंद्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मरीजों एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। इन निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तालझारी एवं इसके अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थानों में आम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित व सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

## उपायुक्त ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**उपायुक्त ने जीएसआर-ए परिसर में किया पौधरोपण**



साहिबगंज :उपायुक्त द्वारा साहिबगंज-गोड्डा-दुमका मेगा बल्क ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अंतर्गत तालझारी प्रखण्ड़ में किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में तालझारी प्रखण्ड अंतर्गत बुट्सी ग्राम में निर्माणाधीन ग्राउंड सर्विस रिजर्वायर एवं चमडी ग्राम में निर्माणाधीन ग्राउंड सर्विस रिजर्वायर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल साहिबगंज और परियोजना प्रबंधक एल एण्ड टी द्वारा योजना की प्रगति से अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त योजना के माध्यम से साहिबगंज जिले के तालझारी बोरियो व मण्डरो प्रखण्डों में ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि योजना का इनटेक जेट्टी राजमहल प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पूर्वी नारायणपुर के बेंगडुब्बी में निर्माणाधीन है। जहाँ से बुट्सी पहाड़ स्थित निर्माणाधीन जीएसआर-ए तक जलापूर्ति की जाएगी। इसके उपरांत पम्पिंग व्यवस्था के माध्यम से तालझारी प्रखण्ड के चमडी ग्राम स्थित जीएसआर-बी तक जलापूर्ति की जाएगी,जहाँ से तालझारी व बोरियो प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही बोआरीजोर स्थित जीएसआर -सी के माध्यम से मण्डरो प्रखण्ड को जलापूर्ति की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा इनटेक जेट्टी एप्रोच ब्रिज निर्माण एवं पाइपलाइन बिछाने के कार्य में आ रही कठिनाइयों से भी अवगत कराया गया। इस पर उपायुक्त द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों का त्वरित निराकरण करने तथा कार्य-योजना के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मण्डरो, बोरियो एवं तालझारी प्रखण्ड़ों में निर्माणाधीन के कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के द्वारा परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं जीएसआर-ए परिसर में पौधरोपण भी किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके पूर्ण होने से हजारों ग्रामीण परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ कार्य संपादित करने का निर्देश दिया।

## जेजेए मंडरो प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष बने रामेश्वर प्रसाद, मुकेश पासवान बने सचिव



**संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरोः** जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत शनिवार को सुबह 11बजे मिजाचौकी थाना के समीप लोहिया भवन परिसर में झारखंड जर्नलिस्ट एसोशिएसन जेजेए की एक बैठक जिला प्रभारी शौकत खान के निदेर्शानुसार आयोजित की गई।जहां इस बैठक में सर्वसम्मति से शांतिपूर्वक मुख्य रूप से जेएजेए मंडरो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई,जिसमें साहिबगंज जिला प्रभारी शौकत खान के निदेर्शानुसार मंडरो प्रखंड के प्रभारी मो. गुलजार को बनाया गया। वहीं मुख्य रूप से जेजेए के मंडरो प्रखंड के प्रभारी मोहम्मद गुलजार उपस्थित रहे।वही बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार व संगठन मजबूती और पत्रकारों के हित को लेकर विशेष चर्चा किया गया।वही सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने आश्वासन दिया कि हम निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक संगठन के मजबूती को लेकर हर संभव प्रयास करते रहेंगे।और जेजेए? के संगठन को और भी मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।वही इस दौरान पत्रकार बीमा योजना,पत्रकार सुरक्षा कानून योजना,पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार आवास योजना,आदि कई विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।जहां इस बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर प्रसाद यादव,गुड्डू रजक, मनोज कुमार सिंह,राजेश कुमार यादव,मुकेश कुमार पासवान,प्रीतम कुमार पांडेय,विशाल कुमार भगत, आदि उपस्थित रहे।वही इस बैठक में सर्वसम्मति से मंडरो प्रखंड कमिटी के लिए रामेश्वर प्रसाद को प्रखंड अध्यक्ष,मनोज कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष और सचिव मुकेश कुमार पासवान को बनाया गया।

**उपायुक्त ने खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ,कहा-**

# किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराकर खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देना है

**संवाददाता**



**साहिबगंजः**समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दीपक कुमार दूबे के द्वारा खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोरियो प्रखंड के कुल 25 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराकर खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।जिले को अब तक धान की प्रभेद एमटीयु -7029 का कुल 430 क्विंटल बीज प्राप्त हुआ है। इनमें से बोरियो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को 200 क्विंटल बीज आवंटित किया गया है। जिसका वितरण किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। इस प्रभेद के धान बीज का निर्धारित मूल्य 4,090 प्रति क्विटल है, जबकि किसानों को यह मात्र 2,045 प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।इसके अतिरिक्त, साहेबगंज जिले को प्रमाणित धान प्रभेद एमटीयु -1010 तथा हाईब्रिड धान एआरआईजेडइ -6444 एवं एस एडब्लुए-7301 के 100-100 क्विंटल बीज का आवंटन प्राप्त हुआ है। थान के अलावा उड़द, मूंग एवं अरहर के भी 50-50 क्विटल बीज जिले को आवंटित किए गए हैं, जिनका वितरण यथाशीघ्र विभिन्न लैम्पस एवं पैक्स के माध्यम से किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना व मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र साहेबगंज के प्रधान-सह-वरीय वैज्ञानिक व वैज्ञानिक, उप परियोजना निदेशक आत्मा, बीएमएम, एटीएम, बोरियो एवं साहिबगंज प्रखंड के पदाधिकारी तथा लगभग 30 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग, संतुलित मात्रा एवं अनुपात में उर्वरक काप्रयोग एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## अपार आईडी से लेकर एमडीएम तक, शिक्षा विभाग ने परखी योजनाओं की प्रगति

**संवाददाता**



**साहिबगंज/उधवाः** प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी उधवा में शिक्षा विभाग की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीपीओ अटल बिहारी भगत ने की। बैठक में प्रखंड के सभी सीआरपी शामिल हुए तथा विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीपीओ ने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति सभी शिक्षकों द्वारा लेसन प्लान तैयार करने की स्थिति, अपार आईडी निर्माण, पाठ्यपुस्तक वितरण, एसए-1 एवं एसए-2 परीक्षा परिणाम, ग्राम शिक्षा संगम कार्यक्रम, आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों तथा मध्याह्न भोजन एमडीएम से संबंधित अद्यतन रिपोर्टों की जानकारी ली। इसके अलावा एमडीएम एसएमएस रिपोर्टिंग एवं तिथि भोजन कार्यक्रम के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। श्री भगत ने सभी सीआरपी को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु सतत प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संचालित योजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने समयबद्ध तरीके से सभी कार्यों के निष्पादन पर विशेष बल दिया। बैठक में सीआरपी बाबूलाल मंडल, रतन मंडल, तपन मंडल, द्विजेंद्र मंडल, रुहुल अमीन, विजय मंडल, अशोक पाल, विशेष प्रशिक्षक कंचन कुमारी समेत अन्य शिक्षा कर्मी उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, तालझारी का किया निरीक्षण, कहा-**

# ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी करें प्राप्त

जनहित योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता**



साहिबगंज :उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय तालझारी का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं के कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की व संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। जबकि अंचल कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष नजारत शाखा राजस्व शाखा, समाज कल्याण शाखा व अन्य शाखाओं का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति पंजी, रोकड़ पंजी एवं अभिलेखों कीजांच की। निरीक्षण के क्रम में कई कर्मियों की उपस्थिति विधिवत दर्ज नहीं पाए जाने प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।जिला जन शिकायत कोषांग से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने एवं अभिलेखों का समुचित संधारण करने के निर्देश दिए। साथ ही सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की गहनता से जांच करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। लंबित जाति, आवासीय एवं आय इत्यादि प्रमाण पत्रों को समयबद्ध तौर पर निष्पादित करने हेतु भी संबंधित कर्मियों एवं ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड परिसर स्थित आधार केंद्र बंद पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं से संवाद के दौरान मानदेय लंबित होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को अविलंब मानदेय भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को जनहित से जुड़े कार्यों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह निष्पादन के साथ कार्यालयीन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### प्रमाण पत्र बनाने के लिए पंचायत भवनों में विशेष शिविर 15 से 17 जून तक

**साहिबगंज/उधवाः** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत भवनों में आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15 जून से 17 जून तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान जाति, आय एवं आवासीय निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत देना तथा प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।शिविर में संबंधित कर्मी उपस्थित रहेंगे और आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन ने सभी इच्छुक आवेदकों से निर्धारित तिथि के भीतर अपने पंचायत भवन पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षणिक कार्यों में जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता को देखते हुए यह विशेष पहल की गई है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### जेजेए सदर प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष बने शाहजहां काजू, अरविन्द कुमार यादव बने सचिव



साहिबगंजःजिला मुख्यालय स्थित नये परिसदन में शनिवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोशिएसन जेजेए की बैठक जिला प्रभारी शौकत खान के निदेर्शानुसार आयोजित की गई।जहां इस बैठक में मुख्य रूप से सदर प्रखंड प्रभारी कालीचरण मंडल उपस्थित थे।बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की गई।उधर बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष शाहजहां काजू,उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार यादव,प्रखंड सचिव अरविंद यादव,सह सचिव विकास रंजन शर्मा,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार दास को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। जहां इस बैठक में आठ नए पत्रकार साथियो ने जेजेए में विश्वास करते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर,जेजेए के प्रदेश सचिव अरविन्द ठाकुर शिवशंकर निराला,पंकज वर्मा,चंदन सिंह,मनीष शर्मा,अमित सिंह,सहेन्द्र प्रसाद,चंदन कुमार,अमित राज सिंह,आलोक कुमार,सुमन झा,संदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



साहिबगंज/बरहरवाःशनिवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के हरिहरा अंतर्गत गुमानी नदी में तैरता एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में अचानक सनसनी फैल गई।खबर फैलते ही नदी किनारे आस पास के स्थानीय लोगों की भीड़ इक्कठी हो गई।महिला की पहचान नहीं हो पाई है।घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने कहा कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है,प्रथम दृश्या शव को देखकर मृत्यु का कारण पता नहीं चल पा रहा है,पोस्टमार्टम के उपरांत ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा। पुलिस सभी एंगल से मामले की तहकीकात कर रही है।

### बेरोजगारी,पलायन,महंगाई, मजदूरों को वाजिब हक न मिलाना बड़ी समस्या : दुर्योधन



साहिबगंज/राजमहलःश्री श्री पगली दुर्गा मंदिर मंडई राजमहल मे झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन कुमार शाह की अध्यक्षता में संगठन मजबूती और स्थानीय जन मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित हुआ। इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं के केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित हुए।मौके पर केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने बैठक को करते हुए कहा कि संगठन मजबूती और विस्तार के लिए कई टिप्स दिए अनुशासन वक्त की पाबंदी संगठन को मजबूती की ओर जाता है। बेरोजगारी,पलायन,महंगाई, मजदूरों को वाजिब हक न मिलाना बड़ी समस्या है। बैठक मे मिथुन राजवंशी बाबूराम शाह,जमुना राय,राकेश कुमार महतो सोनिया परवीन मोहम्मद,हामिद,शेखर,रवि घोष,सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

### पेंशन फर्जीवाड़ा मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर तीन दिन के रिमांड पर

साहिबगंजः बरहेट प्रखंड में करोड़ों रुपये के कथित पेंशन फर्जीवाड़ा मामले की जांच तेज हो गई है। मामले में गिरफ्तार कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को पुलिस ने तीन दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस ने उसके मठिया स्थित आवास पर पहुंचकर परिजनों, विशेषकर उसके पिता से भी पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार मामले में कुछ बिचौलियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। घटना के बाद से कथित रूप से कई बिचौलिए भूमिगत बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी हुई है। जांच के क्रम में शनिवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय से जुड़े आधा दर्जन से अधिक कर्मियों एवं पंचायत सचिवों को पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया। इनमें पंचायत सचिव सुनील दास, मोहन मुर्मू, मोहम्मद अब्दुल सत्तार, जागेश्वर पंडित, अजीत कापरी, रीना कुंतिया, बबीता कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार और क्लर्क अजय कुमार शामिल हैं। बरहेट थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को तीन दिनों के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले के विभिन्न पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

**'फूल और कांटे' में छेड़छाड़ को प्यार समझा गया था**



# आज ऐसा करने वाला जेल पहुंच जाएगा: मधु

फिल्मों में महिलाओं को किस तरह दिखाया जाता है, यह मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। हाल ही में अभिनेता राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया, उसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। इसी बहस के बीच 90 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री मधु ने फिल्मों में महिलाओं की प्रस्तुति और बदलते समय को लेकर खुलकर अपनी राय रखी है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सिनेमा हमेशा समाज का आईना होता है और समाज के बदलने के साथ फिल्मों को भी बदलना पड़ता है। बातचीत में मधु ने कहा, ''आज जिन चीजों को गलत माना जाता है, कभी वही चीजें फिल्मों में सामान्य और रोमांटिक समझी जाती थीं। मेरी सुपरहिट फिल्म 'फूल और कांटे' में जो दिखाया गया था, उसे उस समय लोगों ने प्यार और रोमांस माना था, लेकिन आज के दौर में वही व्यवहार छेड़छाड़ और उत्पीड़न माना जाएगा।''

# गिल की कप्तानी पारी से जीता भारत, अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

– डेब्यू कर रहे हर्ष दुबे और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट झटके

**एजेंसी**



**धर्मशाला :** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला का विजयी आगाज करते हुए पहले मुकाबले में 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले को 25-25 ओवर का कर दिया गया था। जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 24.5 ओवर में 194 रन पर समेट दिया। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने शानदार शतक जमाते हुए 102 रन की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में चौकों और छक्कों की मदद से भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका। भारत की ओर से वनडे पदार्पण कर रहे हर्ष दुबे और गुरनूर बरार ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन विकेट झटके। वहीं अर्शदीप सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी ने दो-दो विकेट लेकर अफगान पारी को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। 195 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शुरूआत से ही सकारात्मक बल्लेबाजी की। कप्तान शुभमन गिल ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए नाबाद 84 रन बनाए और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। उनके अलावा ईशान किशन ने 34 रन तथा केएल राहुल ने नाबाद 39 रन का योगदान दिया। भारतीय बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी तरह का दबाव नहीं दिखाया और 22.5 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।



**हंसते-हंसाते समाज का**

# सच दिखाना ज्यादा असरदार : माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आज भी अपनी शानदार अदाकारी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। पिछले कई दशकों से वह दर्शकों का मनोरंजन करती आ रही हैं और हर दौर में खुद को नए किरदारों के साथ साबित कर रही हैं। इन दिनों उनकी नई फिल्म 'मां बहन' चर्चा में है। फिल्म को लेकर आईएएनएस से बात करते हुए माधुरी दीक्षित ने मनोरंजन और समाज के रिश्ते पर अपने विचार साझा किए। उनका मानना है कि अगर किसी जरूरी बात को लोगों तक पहुंचाना हो, तो मनोरंजन से बेहतर तरीका कोई नहीं हो सकता। माधुरी दीक्षित ने बातचीत में कहा, ''जब लोग किसी फिल्म या शो को देखने बैठते हैं, तो उनका मकसद कुछ समय के लिए तनाव से दूर होकर अच्छा समय बिताना होता है। ऐसे में अगर कहानी के जरिए समाज की सच्चाई भी दिखाई जाए, तो उसका असर कहीं ज्यादा होता है। लोग हंसते हुए भी यह समझ सकते हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है और समाज में कौन-सी बातें सही हैं या गलत। मनोरंजन के साथ दिया गया संदेश लोगों के दिल और दिमाग तक आसानी से पहुंचता है। अभिनेत्री ने आगे कहा, ''किसी बात को बार-बार समझाने या उपदेश देने से लोग कई बार दूरी बना लेते हैं। लेकिन, जब वही बात मजेदार और दिलचस्प तरीके से दिखाई जाती है, तो लोग उसे ध्यान से देखते हैं और उस पर सोचते भी हैं। फिल्मों और कहानियों की यही सबसे बड़ी ताकत है। मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जिनमें मनोरंजन भी हो और कोई अच्छा संदेश भी छिपा हो। इसके अलावा, माधुरी ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति अलग-अलग नजरिए की बात करते हुए पितृसत्तात्मक सोच पर सवाल उठाया। माधुरी ने कहा, 'यह एक पितृसत्तात्मक समाज है जो प्यार और रिश्तों के मामलों में आज भी दोहरे मापदंड अपनाता हुआ आया है। अगर कोई पुरुष गर्लफ्रेंड बनाता है तो उसे रोमियो कहा जाता है, लेकिन अगर कोई महिला वैसा ही करती है तो उसे बुरा-भला कहा जाता है और नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है। अभिनेत्री ने कहा, ''मेरी फिल्म 'मां बहन' इन्हीं पुरानी परंपराओं और नियमों को चुनौती देती है। फिल्म में महिलाओं को मजबूत और पारंपरिक नियमों को तोड़ने वाला किरदार दिया गया है। हर महिला सम्मान और गरिमा के साथ जीने की हकदार है।''

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान बनीं महक नरवासे, मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मानित

**एजेंसी**



**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शनिवार को राजनांदगांव जिले की प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर महक नरवासे ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 एवं वनडे दोनों टीमों का उपकप्तान नियुक्त किए जाने पर महक नरवासे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर महक का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार या राजनांदगांव जिले की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और राष्ट्रीयस्तर पर नई पहचान बना रही हैं। महक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महक आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और देश का नाम गौरवान्वित करेंगी। उन्होंने महक को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ₹खूब खेलो, आगे बढ़ो और नई ऊंचाइयों को छुओ। आपकी सफलता प्रदेश के हजारों युवा खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महक नरवासे का भारतीय अंडर-19 महिला टीम की उपकप्तान के रूप में चयन प्रदेश में विकसित हो रहे खेल वातावरण और खिलाड़ियों को मिल रहे अवसरों का उत्कृष्ट उदाहरण है। महक नरवासे ने सम्मान एवं शुभकामनाओं के लिए मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके पिता राधेश्याम नरवासे, महापौर मधुसूदन यादव, कोच मनोज तिवारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला टी20 विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से रौंदा

**मैनचेस्टर :** छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार शुरूआत करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से हराकर अपना पहला मुकाबला जीत लिया। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और शुरूआती विकेट जल्दी गंवाने पड़े। इसके बाद फोबे लिचफील्ड ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनकी तेजतर्रार पारी ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को गति दी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मध्यक्रम में एलिस पेरी ने 36 रन और जॉर्जिया वेयरहैम ने 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंतिम ओवरों में एनाबेल सुदरलैंड ने तेज रन जोड़कर टीम का स्कोर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकशान पर 172 रन तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरूआत से ही दबाव में दिखाई दी। शुरूआती दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 44 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नादिन डी क्लर्क के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी भी की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को बिखेर दिया। वेयरहैम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, जबकि सोफी मोलिनेक्स और अलाना किंग ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 16.4 ओवर में 107 रन पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया ने 65 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में मजबूत शुरूआत की और अपने खिताब अभियान के लिए सकारात्मक संकेत दिए।

# जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 22 जून को होगा झारखंड टीम का चयन ट्रायल

**रांची :** तमिलनाडु के कोयंबटूर में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक आयोजित होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2026 के लिए झारखंड टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस उद्देश्य से राज्यस्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 22 जून को रांची में किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चयन ट्रायल सुबह नौ बजे से मोरहाबादी स्थित मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। ट्रायल में राज्य के सभी पात्र जूनियर पुरुष हॉकी खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संघ ने स्पष्ट किया है कि चयन ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जिनकी जन्म तिथि एक जनवरी 2007 या उसके बाद की हो। खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, हॉकी इंडिया आईडी कार्ड तथा नगर निगम अथवा पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

हॉकी झारखंड ने राज्य के सभी पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है, ताकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। संघ का लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम का गठन करना है, जो चैंपियनशिप में राज्य का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित कर सके। चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, फिटनेस, खेल कौशल, सामरिक समझ तथा मैदान पर प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। चयनकताओं की रिपोर्ट और प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम की घोषणा की जाएगी। हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल होंगे।-

# इमरान की फिल्म के सेट पर हंगामा



इमरान हाशमी अपने नए प्रोजेक्ट के सिलसिले में उत्तराखंड के हरिद्वार में हैं। बताया जाता है कि वह वहां एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म के सेट पर हंगामा हो गया। सेट पर एक नकली रेस्टोरेंट बनाया गया, जिस पर 'कैफे एंड बार' लिखा हुआ साइन बोर्ड लगा था। यह बात वहां के लोगों को पसंद नहीं आई और उनका फिल्म की टीम से विवाद हो गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि स्थानीय लोग साइन बोर्ड पर 'बार' लिखे होने से खुश नहीं हैं। उन्हें लगता है कि इससे हरिद्वार जैसी पवित्र जगह का अपमान होता है। वीडियो में इमरान तो नहीं दिख रहे हैं, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड्स और फिल्म की टीम का एक व्यक्ति लोगों को शांत करने की कोशिश करता हुआ दिख रहा है। इमरान हाशमी ने सेट पर हुए हंगामे के बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

**स्वस्थ जीवन का आधार**

# बढ़ती उम्र में फिट और एक्टिव रहने का मंत्र है योगासन: पूनम ढिल्लों



विश्व योग दिवस 2026 के आयोजन में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, जिसे लेकर भारत सरकार का आयुष मंत्रालय योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही लगातार लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील कर रहा है। इसी कड़ी में मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों के प्रेरणादायक वीडियो भी पोस्ट कर रहा है। मंत्रालय ने अभिनेत्री पूनम ढिल्लों का एक वीडियो जारी किया, जिसमें वह योग के महत्व पर अपने विचार रखती नजर आईं। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'उम्र बढ़ना जीवन की एक स्वाभाविक और सुंदर सच्चाई है, लेकिन स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में है।' मंत्रालय ने बताया कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि नियमित योग अभ्यास बढ़ती उम्र में भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वहीं, पूनम ढिल्लों ने पोस्ट किए वीडियो में बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक मान्यता मिली है। उम्र बढ़ना जीवन का एक अटल सच है और हर व्यक्ति चाहता है कि बढ़ती उम्र के साथ वह न केवल अच्छा दिखे बल्कि स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय भी बना रहे। पूनम ढिल्लों ने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है, जो बढ़ती उम्र में भी शरीर की लचक, गतिशीलता और मानसिक शांति बनाए रखने में मदद करता है। वास्तविकता है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने का एक प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है। अभिनेत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने 'योग 365' का संदेश देते हुए कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन के लिए निरंतर अपनाई जाने वाली आदत है।



**● बॉलीवुड की टूटी अर्थव्यवस्था पर बोले गिप्पी ग्रेवाल, कहा- 'सुधार की जरूरत'**

# '79 फीसदी तो एक्टर ही ले जाते हैं'

पंजाबी एक्टर गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 4' इस महीने रिलीज को तैयार है। इससे पहले हाल ही में उन्होंने भारतीय सिनेमा में बजट के मॉडल को लेकर बात की। उन्होंने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि पूरे बजट का एक बड़ा हिस्सा सितारे ले लेते हैं। इसके बाद प्रोडक्शन के लिए कम बजट बचता है। यह मॉडल लंबे वक्त तक नहीं चलेगा।

**बजट का बड़ा हिस्सा स्टार्स पर खर्च होता है:** गिप्पी ग्रेवाल ने बॉलीवुड की टूटी अर्थव्यवस्था और खराब बजट मॉडल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि फिल्मों से 79 प्रतिशत हिस्सा एक्टर ले जाते हैं। उनका कहना है कि बजट इंडस्ट्री की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। गिप्पी ग्रेवाल ने कहा कि स्टार्स की बढ़ती फीस और घटता प्रोडक्शन बजट। इंडियन सिनेमा में बजट का एक ऐसा मॉडल बन गया है, जो लंबे समय तक नहीं चल सकता। इसमें फिल्म के बजट का बहुत बड़ा हिस्सा प्रोडक्शन के बजाय टैलेंट (स्टार्स) पर खर्च हो जाता है।

**विदेशी इंडस्ट्री से तुलना की:** गिप्पी ग्रेवाल का कहना है, 'कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में, कास्ट, डायरेक्टर और राइटर की कुल फीस फिल्म के बजट का लगभग 21 प्रतिशत होती है। बाकी 79 प्रतिशत हिस्सा फिल्म बनाने में खर्च होता है। यहां अक्सर इसका उल्टा होता है'। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गिप्पी ग्रेवाल ने कहा, 'लगभग 79 प्रतिशत हिस्सा तो टीम ही ले जाती है, जिससे फिल्म बनाने के लिए बहुत कम पैसा बचता है। कलाकार करोड़ों रुपये लेते हैं और यहीं से असंतुलन शुरू होता है'।

**'लागत पर ध्यान की बजाय सुधार की जरूरत':** गिप्पी ग्रेवाल का मानना है कि सिर्फ लागत कम करने पर ध्यान देने के बजाय, इंडस्ट्री को सुधार की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, 'यह रिकवरी मॉडल है। अगर रिकवरी स्वस्थ हो जाती है, तो उत्पादन मूल्यों में काफी सुधार हो सकता है। दिन के आखिर में, यह सब गणित है'। स्टार्स की फीस पर लगी सीमा (कैपिंग) को लेकर हो रही बहस पर वे कहते हैं कि बार-बार बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप होने के बावजूद मार्केट एक्टर्स को अच्छा पैसा देता रहता है।

**बोले-एक्टर्स को मना करना चाहिए!:** गिप्पी का कहना है, 'ऐसे एक्टर्स भी हैं जिनकी फिल्में वर्षों से नहीं चलीं, फिर भी उन्हें प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं। मैंने ऐसे एक्टर्स के बारे में भी सुना है जिनकी फिल्में फ्लॉप हुईं, लेकिन बाद में उन्होंने और ज्यादा फीस की मांग की। एक्टर्स को तो पैसे मिल ही जाते हैं। आदर्श रूप से एक्टर्स को कहना चाहिए, 'मुझे पहले से पैसे मत दो।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत बन रहा है वैश्विक शक्ति का प्रतीक: मोहन यादव

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव का नया अध्याय लिखा है। नया भारत वैश्विक शक्ति का प्रतीक बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर राम मंदिर तक भारत का वैश्विक और सांस्कृतिक स्वरूप बदलकर देश का आत्मविश्वास बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में ह्यएक पेड़ मां के नामह्य अभियान के तहत पौधारोपण कर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन के साथ विकास व वैश्विक प्रतिष्ठा के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी घटनाओं और सीमा पार से आने वाली चुनौतियों पर देश की प्रतिक्रिया सीमित दिखाई देती थी, लेकिन आज भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करता। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी आतंकवाद के विरुद्ध की गई निर्णायक कार्रवाइयों ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि नया भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह बदलते भारत की शक्ति, संकल्प और आत्मविश्वास का परिचायक है। भारत आज आधारभूत संरचना, तकनीकी नवाचार, डिजिटल सेवाओं, औद्योगिक विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर भी प्रभावी भूमिका निभा रहा है और विश्व के महत्वपूर्ण निर्णयों में उसकी भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान, पारदर्शी शासन व्यवस्था और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल ने देश को नई दिशा प्रदान की है। आज भारत का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का सहभागी बन रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। कांग्रेस शासन में देश राजनीतिक अस्थिरता, निर्णयहीनता व भ्रष्टाचार से जूझ रहा था मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। कांग्रेस के शासन काल में एक समय ऐसा था जब देश राजनीतिक अस्थिरता, निर्णयहीनता और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों से जूझ रहा था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सेवक के रूप में कार्य प्रारंभ करने के बाद स्थितियां तेजी से बदली हैं। भारत आज विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को ऐसा नेतृत्व प्रदान किया है, जिसने भारत के प्रति देशवासियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ विश्व समुदाय का भी भरोसा जीता है। आज भारत की पहचान केवल एक बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में ही नहीं, बल्कि एक निर्णायक, सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व वाले देश के रूप में स्थापित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा का समन्वय स्थापित किया गया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक अभियान है। हम सभी का दायित्व है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## गंगा में हजारों मछलियों की मौत से हड़कंप, प्रदूषण और केमिकलयुक्त पानी पर उठे सवाल

एजेंसी



**कानपुर :** जाजमऊ क्षेत्र में गंगा नदी में शनिवार को बड़ी संख्या में मछलियों के मृत मिलने से इलाके में चिंता और नाराजगी का माहौल है। नदी के किनारे दूर-दूर तक मरी हुई मछलियां दिखाई देने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की जांच की मांग उठने लगी। प्रत्यक्षदर्शी विकास के अनुसार नदी किनारे पहुंचने पर हजारों की संख्या में मछलियां पानी में तैरती और किनारों पर पड़ी मिलीं। कुछ लोगों ने मृत मछलियों को बोरे में भरकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास भी किया। घटना के बाद लोगों ने आशंका जताई कि नदी में किसी प्रकार का दूषित या रासायनिक युक्त पानी छोड़े जाने से यह स्थिति पैदा हुई है। सूचना मिलने पर डायल 112 और जाजमऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी जुटाई और संबंधित विभागों को भी अवगत कराया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि समय-समय पर गंगा में प्रदूषण की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि जाजमऊ क्षेत्र के नालों और कुछ औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला दूषित पानी गंगा में पहुंच रहा है, जिससे जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी और जांच की जाती तो इतनी बड़ी संख्या में मछलियों की मौत नहीं होती। घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया और जांच शुरू कराई। जल एवं अन्य संबंधित विभागों की टीमों को नमूने एकत्र कर परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मछलियों की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा में मछलियों के मरने की सूचना मिलने के बाद संबंधित विभागों को तत्काल मौके पर भेजा गया है। यदि किसी संस्था, इकाई या व्यक्ति की लापरवाही अथवा प्रदूषण फैलाने की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व मंच पर मजबूत हुई भारत की सांस्कृतिक पहचान : विदेश मंत्रालय

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और सभ्यतागत मूल्यों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में पिछले वर्षों में हुए प्रयासों को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध ज्ञान-परंपरा को भी दुनिया के साथ साझा कर रहा है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक संदेश में उन्होंने बताया कि भारत की कई सांस्कृतिक परंपराओं को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में स्थान मिला है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि भारत के कई नए स्थलों को विश्व धरोहर का दर्जा मिला है, जबकि विदेशों में पहुंच चुकी बहुमूल्य और प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की स्वदेश वापसी भी सुनिश्चित की गई है। यह प्रयास देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने यह भी उल्लेख किया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना भारत में की गई है। इससे भारतीय चिकित्सा ज्ञान और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। योग के वैश्विक प्रसार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज एक वैश्विक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। वर्तमान में 175 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के माध्यम से योग और भारतीय जीवन-दर्शन का संदेश दुनिया भर में पहुंच रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान के प्रसार और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से भारत अपनी सभ्यतागत पहचान को मजबूत करते हुए विश्व समुदाय को निरंतर प्रेरित कर रहा है। भारत की संस्कृति, परंपराएं और जीवन मूल्य आज भी वैश्विक स्तर पर शांति, संतुलन और मानव कल्याण का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## दौसा में यूपी रोडवेज ट्रेलर से टकराई, 19 यात्री घायल

**दौसा :** जिला मुख्यालय के आगरा बाईपास कट पर रविवार तड़के करीब 4 बजे यूपी के अलीगढ़ से जयपुर जा रही रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे दो दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के वक्त अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे कि बस अचानक सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बस में फंसे यात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार हादसे में हादसे में विजेंद्र सिंह ठाकुर निवासी हनुमानगढ़ी चंदौसी सम्भल, सौरव यादव निवासी जमालपुर हाथरस, विजेंद्र सिंह जाट निवासी महू अलीगढ़, सोनू शर्मा निवासी गढी नंगला अलीगढ़, पुष्पेंद्र दरजी निवासी अलीगढ़, बॉबी सिंह निवासी जगतपुर अलीगढ, लोकेश व कौशल सैन निवासी कस्तली अलीगढ़, देव शर्मा निवासी सीहपुर अलीगढ़, अभिषेक जाट निवासी हाथरस, कुंवरपाल यादव निवासी लहरा नंगला संभल, मोहम्मद नौशाद व राशिद अली निवासी जमालपुर अलीगढ़, उषा कश्यप, नंदनी और लता निवासी बेगम बाग अलीगढ़, आरिफ मलिक निवासी जमालपुर अलीगढ़, सुमित चौधरी और निशांत चौधरी निवासी जगतपुर अलीगढ़ यूपी घायल हो गए, जिनका सामान्य हालत में इलाज चल रहा है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच के अनुसार के बाईपास कट पर बने स्पीड ब्रेकर पर ट्रेलर की स्पीड कम हुई। इसी दौरान पीछे आ रही यूपी रोडवेज को ट्रेलर की स्पीड का सही अनुमान नहीं रहा और तेज स्पीड में भिडंत हो गई। घायज यात्रियों को डॉक्टर्स टीम की निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

# अब चिल्लूपार के लोगों को आजीविका के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांधी इंटर कॉलेज, महुआपार बड़हलगंज में शनिवार को 295 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 319 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह धरा मां सरयू के आंचल में है। यहां के नौजवानों ने हर जगह अपनी प्रतिभा व परिश्रम का लोहा मनवाया है। एक समय बाढ़ की त्रासदी और कनेक्टिविटी के अभाव में क्षेत्र के लोग पलायन करते थे। आजीविका के लिए विदेश जाना पड़ता था, लेकिन अब यहां के नौजवान को बाहर नहीं जाना होगा। उसे यहीं रोजगार के ढेर सारे अवसर मिलेंगे। अब आपके द्वारा चुने गए विधायक-सांसद डबल इंजन सरकार की ताकत का इस्तेमाल करते हुए विदेश के लोगों को चिल्लूपार में काम करने का अवसर देने जा रहे हैं। विदेशी लोग यहां आकर चाकरी करेंगे। सीएम ने विश्वास जताया कि विकास व विरासत की यात्रा के साथ चिल्लूपारवासी बिना रुके-बिना झुके निरंतर आगे बढ़ेंगे।

### सीएनजी-एथेनॉल ने बंद नहीं होने दिया काम

सीएम योगी ने कहा कि हम लोगों ने धुरियापार में बंद पड़ी चीनी मिल की खाली जमीन पर सीएनजी का प्लांट लगवाया। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण दुनिया में संकट है, लेकिन सीएनजी-एथेनॉल के कारण हमारे यहां काम बंद नहीं हुआ। ऊर्जा में आत्मनिर्भर अमेरिका में भी महंगाई चार गुना हो गई है। वहां 100 रुपये की वस्तु 400 रुपये में मिल रही है, लेकिन भारत में महंगाई नियंत्रित है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत गरीब कल्याण, विकास व सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देते हुए माफिया को मिट्टी में भी मिलाता है। एक समय रामजानकी मार्ग पर आवागमन ठप होता था। उपचार के लिए लखनऊ जाने को मजबूर होना पड़ता था। कनेक्टिविटी, रोडवेज बस व अन्य साधन तक नहीं थे। जैसे-तैसे व्यवस्था चल पाती थी,



लेकिन आज कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। 2017 के पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि धुरियापार में इंडियन ऑयल का सीएनजी प्लांट लगेगा या सहजनवां का गीडा आ पाएगा। अब हम यहां ग्रेटर गीडा बनाने जा रहे हैं। अभी से हजारों करोड़ रुपये के प्रस्ताव आ गए हैं, जिन्हें हमें उद्योग के रूप में स्थापित करना है। इसमें सीमेंट की फैक्ट्री धुरियापार में लगने जा रही है। पावर प्लांट, आधुनिक पेंट व अत्याधुनिक डिस्टलरी भी स्थापित होगी, जहां मॉडर्न मेडिसिन, एलोपैथिक दवा भी बनेगी। यहां भारी पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव आ रहे हैं। सीएम ने कहा कि विधायक राजेश त्रिपाठी जितने भी प्रस्ताव देंगे, सरकार उन्हें स्वीकृत करेगी। राजेश त्रिपाठी ने यहां होमियोपैथिक कॉलेज स्वीकृत कराया था, उस समय काम बढ़ा, लेकिन सपा सरकार ने आते ही काम रोक दिया। उस समय चुने गए लोगों ने कान में तेल डालकर इसे अनसुना कर दिया था। 2017 में सरकार आने पर राजेश जी इस काम के लिए रोज मिलते थे। आज इस विधानसभा क्षेत्र में आयुष के डॉक्टर बन रहे हैं। चिल्लूपार ट्रेडिशनल मेडिसिन का नया केंद्र बन रहा है।

सीएम योगी ने बताया कि मैंने जलशक्ति मंत्री से कहा है कि बाढ़ बचाव के लिए जो भी प्रस्ताव आएंगे, उन समस्याओं का समाधान होना चाहिए। सीएम ने कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए कहा कि यह जितनी फास्ट होगी, प्रगति उतनी तेज गति से बढ़ेगी। प्रगति होगी तो नौजवान को पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने क्षेत्र में नौकरी व रोजगार मिलेगा, यही देश में डबल इंजन सरकार के कार्यों की पहचान है। गीडा यहीं आ रहा है, यहां के नागरिकों के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर बढ़ेंगे। नौजवानों को बाहर नहीं जाना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि चिल्लूपार अब विकास की प्रक्रिया से जुड़ा है। एक तरफ लखनऊ को जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लिंक एक्सप्रेसवे तो दूसरी तरफ गोरखपुर-वाराणसी को जोड़ने वाला फोरलेन का नेशनल हाइवे है। इस विधानसभा क्षेत्र से कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। यहां से तीन घंटे में लखनऊ, दो घंटे में वाराणसी, आधे-पौने घंटे में गोरखपुर पहुंच जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने विपरीत मौसम के बावजूद कार्यक्रम में आए आमजन के हौसले को सलाम किया और कहा कि आपके उत्साह को देखते हुए आंधी-तूफान भी थम गया। कल्याण चाहने वालों को डबल इंजन सरकार के साथ चलना होगा। सांसद कमलेश पासवान व विधायक राजेश त्रिपाठी ने मिलकर विकास की प्रक्रिया को तेज किया। विकास की हर योजना चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में आ रही है।

यह क्षेत्र अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। विकास की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े, यही यूपी की पहचान है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर 15 जून को यात्री सेवा दिवस मनाएंगे - निदेशक

वाराणसी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा के निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि वाराणसी में हवाई अड्डे पर उत्सव का माहौल होने जा रहा है। कल 15 जून को यात्री सेवा दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूरी तरह की गई है। अपने यात्रियों को समर्पित विशेष गतिविधियों के कार्यक्रम की रूपरेखा बनी हैं। हमारे यात्रियों की मुस्कान ही हमारे काम को पूरा करती है। इस उत्सव की झलकियों के लिए हमारे सहकर्मी में उत्साह है। निदेशक पुनीत ने रविवार को बताया कि 15 जून को प्रात: काल सात बजे से लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों का पौधा देकर और तिलक लगाकर स्वागत, विमानन क्षेत्र की महिला बल और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान, सांस्कृतिक नृत्य, बच्चों के लिए चित्रकला और सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने जैसे तमाम आयोजन होगें। वाराणसी के नमो घाट पर 20 अक्टूबर से सूर्य किरण जेट के नौ एयरक्राफ्ट वाराणसी आ जाएंगे। पांच दिन अभ्यास होगा। इस दौरान एयर शो होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि के रूप में रहना प्रस्तावित है। एयर शो के लिए वर्तमान समय में नमो घाट और हवाई अड्डे पर तैयारियां चल रही हैं।

### साले ने बहनोई को मारी गोली, ग्रामीणों ने पकड़कर की पिटाई

**सीवान :** जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर मठिया गांव में शनिवार की देर शाम आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। साले ने अपने बहनोई को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बहनोई की पहचान महम्मदपुर मठिया निवासी स्वर्गीय दूधनाथ गिरी के पुत्र मंतोष गिरी के रूप में हुई है। वहीं आरोपी की पहचान हरिहरपुर मठिया निवासी परमा गिरी के पुत्र सोनू गिरी के रूप में की गई है। घायल मंतोष गिरी ने बताया कि शुक्रवार को सोनू गिरी ने अपने पिता परमा गिरी के साथ मारपीट की थी। इस दौरान उसने अपने पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया था और दांत से काटकर लहूलुहान कर दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर वह अपनी पत्नी के साथ हरिहरपुर मठिया पहुंचे और घायल परमा गिरी को अपने घर महम्मदपुर मठिया ले आए, जहां उनका इलाज कराया जा रहा था। मंतोष के अनुसार, शनिवार की शाम सोनू गिरी उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह नाराज हो गया और कहने लगा कि उसके पिता को यहां क्यों लाया गया और उनका इलाज क्यों कराया जा रहा है। काफी समझाने के बावजूद वह नहीं माना और अचानक कमर से हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। गोली मंतोष गिरी को लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में आरोपी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल मंतोष गिरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर जीबी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की छानबीन में जुटी हुई है।

### एक्सिस बैंक का एटीएम काट रुपए ले गए चोर

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर बस पड़ाव के समीप स्थित एक्सिस बैंक का एटीएम को रविवार अहले सुबह लगभग तीन बजे चोरों ने गैस कटर से काटकर रुपए की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंच गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि लगभग तीन बजे सुबह में चोरों द्वारा चोरी की इस घटना को अंजाम दिया गया है। कितने रुपए की चोरी हुई है यह अभी पता नहीं चल पाया है। बताया कि चार नकाबपोश अपराधी बोलेरे वाहन से बक्सर की तरफ से आए थे। मुंबई स्थित एटीएम के कंट्रोल रूम में अलार्म बजने के बाद घटना की जानकारी हुई और तत्काल इसकी सूचना रोहतास पुलिस को दी। जिसके बाद कोचस थाना की पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस एटीएम के पास पहुँची तबतक चोर घटना को अंजाम दे भाग निकले थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि कोचस में यह एकमात्र एटीएम था जो 24 घंटा खुला रहता था। हालांकि यहां कोई सुरक्षा गार्ड नहीं रहता था।

### मंगलदै में भीषण सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**दरंग (असम) :** असम के मंगलदै में एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने आज बताया कि मृतक की पहचान मुवामारी गांव निवासी शफीकुल इस्लाम के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार वाहन और चालक की तलाश जारी है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दुमदुमा के डेली बाजार में लगी भयावह आग, कई दुकानें जलकर राख

**तिनसुकिया (असम) :** तिनसुकिया जिले के दुमदुमा स्थित डेली बाजार में भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ। पुलिस ने रविवार को बताया कि आग की चपेट में आकर बाजार की लगभग छह से सात दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैल गई, जिससे दुकानों में रखा सामान और अन्य संपत्ति नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने के कारणों का अंतिम सूचना मिलने तक पता नहीं चल पाया है। संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### कलगछिया में चार ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**बरपेटा (असम) :** बरपेटा जिलांतर्गत कलगछिया में बीती रात चार शातिर ड्रग्स तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कलगछिया पुलिस ने पीछा कर ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि स्थानीय लोगों की मदद से कलगछिया पुलिस ने कलगछिया के होलसेल मार्केट में नूर आलम और हाफिजुर रहमान के घरों पर छापा मारा। छापे के दौरान नूर आलम सहित तीन अन्य ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, घटनास्थल से ड्रग्स माफिया हाफिजुर रहमान फरार हो गया। पुलिस ने मौके से दो ड्रग्स के पैकेट, 14 ड्रग्स भरे कंटेनर, कुल 28.80 ग्राम संदिग्ध हेरोइन, 23,150 रुपये नकद और 5 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। चारों ड्रग्स तस्करों की पहचान बलाईपथार गांव निवासी मीर लाबिबुल तौहीद, कलगछिया के नूर आलम, दिमापुर गांव के अदनुर हक और अशराफुल आलम के रूप में की गयी है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच के लिए आरोपितों से पूछताछ जारी रखे हुए है।

### मणिपुर में नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, हेरोइन और कोकीन बरामद

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने राज्य में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में भारी मात्रा में संदिग्ध हेरोइन और कोकीन बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक किशोर भी शामिल है। रविवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार बिष्णुपुर जिले के मोइरांग थाना क्षेत्र के त्रोंगलाओबी माखा लेइकाई में पुलिस ने एक टाटा गोल्ड सूमो (एएस-11 बीसी-5395) वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से संदिग्ध हेरोइन से भरे 26 साबुन केस बरामद किए गए। इस मामले में वाहन सवार बिक्की मुंडा (22), निवासी चारहाजारे गांव, मोटबुंग (सेनापति जिला) तथा उखरुल जिले के हुंगपुंग गांव के एक किशोर को गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया है कि बीते 12 जून को मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के अलग-अलग इलाकों से कोकीन के साथ दो लोगों को गिरफ़्तार किया। इस कड़ी में सगोलबंद सायांग पुखरी मापल के सुखम रोजार (25) को रिम्स रोड पर नित्यानंद मंदिर के पास से 4.6 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ़्तार किया गया और सगोलबंद मीनो लीराक के मुतुम गिरिराज उर्फ ??पाकपा (29) को उसके इलाके से 18.6 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ़्तार किया गया।

### चतरा में 'यमराज' बने गजराज

## टंडवा के ढहूं गांव में आधी रात हाथियों का तांडव, घरों व दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

### वन अध्यक्ष और एलीफेंट ड्राइव टीम को हटाने की मांग





**संवाददाता**

**चतरा:** जिले के टंडवा में इन दिनों जंगली हाथी ग्रामीणों के लिए 'यमराज' साबित हो रहे हैं। बीती रात करीब 1:00 बजे ढहूं गांव में एक जंगली हाथी ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने कई घरों और दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग और अन्य ग्रामीण समय रहते भाग निकले, जिससे किसी की जान नहीं गई। लेकिन इस घटना ने वन विभाग और स्थानीय वन समिति की पोल खोलकर रख दी है। पास के जंगल से आए हाथी ने लीलू महतो, राजेंद्र महतो और नामधारी महतो के घरों व दुकानों के लोहे के शटर उखाड़ दिए। साथ ही, दो अन्य घरों की खिड़कियां तोड़कर अंदर रखा क्विंटल चावल चट कर गए। स्थानीय ग्रामीण दीपक कुमार का आरोप है कि हाथियों को खदेड़ने के लिए वन विभाग ने चार स्थानीय युवकों शंकर, राजू, सुभाष और श्रवण को लातेहार में विशेष ट्रेनिंग दिलाई है। लेकिन यह टीम सिर्फ हर महीने मानदेय उठाकर जेब भर रही है और मुसीबत के समय मौके पर आने से मना कर देती है। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने वन समिति के अध्यक्ष धनु महतो को फोन किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि हमें कोई मतलब नहीं है। वन विभाग की इस निष्क्रियता के कारण ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही हाथियों से पंगा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की यह अनदेखी कभी भी किसी की जान ले सकती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब लापरवाह वन अध्यक्ष और चारों कागजी रक्षकों को तत्काल हटाने तथा नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

## टेंपो बैट्री चोरी कांड का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**रनिया (खूंटी):** रनिया थाना पुलिस ने टेंपो की बैट्री चोरी मामले का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई बैट्री भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रनिया थाना क्षेत्र के सोदे गांव में 9 जून को एक टेम्पो से बैट्री चोरी हो गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा रनिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) तोरपा के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोदे गांव निवासी शहबाज अंसारी उर्फ शहबाज शेख को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी गई टेम्पो की बैट्री बरामद कर ली गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ तोरपा विजय कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक मोहन कुमार, रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार, एसआई कुलदीप रोशन बारी, एएसआई सोमा नाग सहित रनिया थाना के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## राष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप के लिए चक्रधरपुर के आदित्य राज का चयन, हर्ष



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर के लिए गर्व की बात है कि शहर के होनहार बाल खिलाड़ी आदित्य राज का चयन राष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप के लिए हुआ है। महज 7 वर्ष की उम्र में आदित्य राज ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे पूरे शहर में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर चक्रधरपुर नगर अध्यक्ष सन्नी उरांव एवं नगर उपाध्यक्ष विजय कुमार साव ने संयुक्त रूप से कहा कि आदित्य राज ने अंडर-7 चेस प्रतियोगिताओं में कई पदक और सम्मान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए उनका चयन चक्रधरपुर सहित पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि आदित्य की सफलता उनके अथक परिश्रम, समर्पण तथा अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन कर चक्रधरपुर और झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। सन्नी उरांव एवं विजय कुमार साव ने आदित्य राज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगरवासियों का आशीर्वाद और समर्थन उनके साथ है। आने वाले दिनों में वह चेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुएं और अनेक उपलब्धियां हासिल करें, यही हमारी मंगलकामना है।

## छऊ कला के संरक्षण और संवर्धन को लेकर सक्रिय हैं विधायक सुखराम उरांव



**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुखराम उरांव क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर छऊ नृत्य को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वे विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में आयोजित छऊ कार्यक्रमों में शामिल होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। साथ ही छऊ कलाकारों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल कर रहे हैं। विधायक सुखराम उरांव का मानना है कि छऊ नृत्य केवल एक लोककला नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान का प्रतीक है। इस कला को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहन एवं सुविधाएं मिलना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से वे लगातार कलाकारों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास कर रहे हैं।

# वृक्ष लगाएं वृक्ष बचाएं ,चक्रधरपुर रेल मंडल की कारगर पहल



**विनय मिश्रा**

**चक्रधरपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे को सर्वाधिक आय देने वाला चक्रधरपुर रेल मंडल सुविधा और संपन्नता के बीच पर्यावरण के लिए भी कटिबद्ध है । इसका प्रत्यक्ष प्रमाण सड़क निर्माण के बीच अवस्थित वृक्षों की रक्षा और सुरक्षा बेहतर ढंग से करने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी इच्छा शक्ति प्रदर्शित की है।

सड़कों का निर्माण भी हुआ और वृक्ष भी अपनी जगह बने रहे अर्थात आवागमन के लिए सड़क निर्माण समुचित पर्यावरण और छांव के लिए वृक्ष भी उपस्थित हैं। इस सार्थक पहल के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल बधाई और प्रशंसा का पात्र है जिसके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण और पर्यावरण दिवस पर ही वृक्ष लगाएं वृक्ष बचाएं अभियान नहीं चलता बल्कि यह अभियान निरंतर जारी रहता है। इसी के फलस्वरूप यह कहा जा सकता है

### हरियाली और खुशहाली वृक्ष लगाएं ऑक्सीजन पाएं जीवन बचाएं

## रेलवे क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम से की मुलाकात



**चक्रधरपुर :** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 23 वार्डों में से 6 वार्ड रेलवे क्षेत्र में स्थित हैं। इन वार्डों में विकास से संबंधित कई योजनाओं को पूर्व बोर्ड बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के संबंध में आज नगर परिषद प्रतिनिधिमंडल ने चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान डीआरएम ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए बताया कि रेलवे प्रशासन एवं नगर परिषद के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के उपरांत आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में दांती बेगुना से रेलवे पावर ग्रिड तक सड़क निर्माण की लंबे समय से लंबित मांग पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि इस सड़क निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन रेलवे से एनओसी नहीं मिलने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। इस संबंध में भी डीआरएम ने सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए जल्द आवश्यक एनओसी उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

नगर परिषद की ओर से कहा गया कि रेलवे प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा रेलवे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। सन्नी उरांव में कहा,रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों के विकास के लिए आवश्यक एनओसी को लेकर डीआरएम महोदय से सकारात्मक चर्चा हुई है। संयुक्त निरीक्षण के बाद विकास योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा। साथ ही दांती बेगुना से रेलवे पावर ग्रिड तक सड़क निर्माण के लिए भी जल्द एनओसी मिलने का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को मिला विश्व रिकॉर्ड का गौरव

**संवाददाता**

**खूंटी/रांचीः** देशव्यापी स्तर पर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर चलाए गए गो सम्मान आह्वान अभियान ने एक नया इतिहास रच दिया है। स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस अभियान को विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए संबंधित संत-महात्माओं एवं गौसेवा से जुड़े प्रमुख धर्माचार्यों को गौरव प्रमाण-पत्र प्रदान किया। जानकारी के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 को देशभर के 5,000 से अधिक तहसील मुख्यालयों में एक साथ आयोजित विशाल जन-जागरण एवं जन-समर्थन अभियान के दौरान 5.25 करोड़ संतों, गौभक्तों एवं आम नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एकत्र किए गए थे। इन ज्ञापनों को भारत सरकार तथा विभिन्न राज्य सरकारों को सौंपा गया। स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस अभूतपूर्व आयोजन को विश्व का सबसे बड़ा बहु-स्थान (मल्टी-लोकेशन) जन-हस्ताक्षर एवं ज्ञापन अभियान घोषित करते हुए इसे अपने रिकॉर्ड में दर्ज किया है। इस उपलब्धि के लिए संतों और अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था, स्वास्थ्य संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है। गौसंरक्षण और गौसंवर्धन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रहित एवं समाजहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि गो सम्मान आह्वान अभियान ने देशभर में जन-जागरण का नया अध्याय लिखते हुए करोड़ों लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य किया है। अभियान के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पहल केवल विश्व रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के लिए जनशक्ति को संगठित करने का राष्ट्रीय आंदोलन है। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों को गौसेवा और गौसंरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का अगला चरण 27 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस चरण में देशभर से 15 करोड़ संतों, गौभक्तों, महिलाओं एवं युवाओं के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। इन ज्ञापनों को देश के सभी जिलों के उपायुक्तों एवं जिला कलेक्टरों को सौंपा जाएगा।

अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकारों के समक्ष गौमाता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने, गौहत्या पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने, गौशालाओं को सुदृढ़ बनाने तथा गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि एवं पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी प्रमुख मांगें रखी जाएंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, गौसेवक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर 27 जुलाई को होने वाले महाअभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा गौसंरक्षण के लिए जन-जागरण अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### मुस्लिम समाज महासभा को मिला मजबूत नेतृत्व

## वरिष्ठ पत्रकार अशरफ खान को सौंपी गई प्रदेश अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी

**रांचीः** मुस्लिम समाज महासभा (रजि.) ने झारखंड में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी एवं जनसरोकारों की बुलंद आवाज जनाब अशरफ खान को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब गुफरान मलिक जैतपुरी द्वारा तत्काल प्रभाव से की गई है। अशरफ खान वर्षों से पत्रकारिता के माध्यम से समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उन्होंने हमेशा आम लोगों की समस्याओं, सामाजिक न्याय, शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और जनहित से जुड़े विषयों को अपनी लेखनी के माध्यम से मजबूती से सामने रखा है। उनकी सक्रियता, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष गुफरान मलिक जैतपुरी ने कहा कि अशरफ खान एक ऊजार्वान, दूरदर्शी और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उन्होंने अपने कार्यों से लोगों का विश्वास अर्जित किया है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में झारखंड में मुस्लिम समाज महासभा नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी और समाज हित के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। दिलशाद उस्मानी (अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, अधिवक्ता विंग, मुस्लिम समाज महासभा) ने अशरफ खान को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में जो पहचान बनाई है, वह उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अशरफ खान के नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच और मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि अशरफ खान जैसे सक्रिय और जिम्मेदार व्यक्तित्व का नेतृत्व संगठन के लिए गर्व की बात है। उनकी कार्यशैली युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनसे संगठन को नई दिशा मिलने की पूरी उम्मीद है।नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए अशरफ खान को बधाई दी। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में संगठन जनसेवा, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और भाईचारे के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगा।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशरफ खान ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुफरान मलिक जैतपुरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता विंग दिलशाद उस्मानी, सभी पदाधिकारियों एवं मुस्लिम समाज महासभा परिवार का आभार व्यक्त किया। अशरफ खान ने कहा, मैं संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व और सभी साथियों का दिल से शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त किया।

## अड़की में विकास योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**खूंटी/ अड़कीः** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने अड़की प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक की और बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अड़की तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, हुँठ का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए लाभुकों को समय पर किस्त भुगतान, जियो टैगिंग एवं लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के कार्य पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्र में सक्रिय रहकर योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी कल्याणकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने पर बल देते हुए कहा कि पात्र लाभुकों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पूर्ण एवं प्रगति पर चल रही योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट मांगी। साथ ही आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना और बिरसा कूप संवर्धन योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, नियमित निरीक्षण करने तथा सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी एवं आधार कार्ड निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं कल्याण विभाग को साइकिल वितरण योजना और प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने को कहा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एक माह के भीतर सभी रिक्त सेविका एवं सहायिका पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया।

आपूर्ति विभाग को राशन वितरण, नए राशन कार्ड निर्माण, धोती-साड़ी वितरण और खाद्यान्न गोदामों की मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीडीएस डीलरों के साथ नियमित बैठक कर पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

15वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पीसीसी सड़क, नाली, सोकपिट और आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मती जैसे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के नियमित संचालन, चापाकलों की मरम्मत और प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को सभी अविद्युतीकृत टोलों एवं बस्तियों को प्राथमिकता के आधार पर विद्युतीकृत करने को कहा।

सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सीएचसी एवं पीएचसी की आधारभूत सुविधाओं, संस्थागत प्रसव, दवा उपलब्धता, स्वच्छता और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

बैठक के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अड़की का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने बिना उचित कारण मरीजों को रेफर नहीं करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला में तकनीशियन अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण मांगते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

इसके पश्चात उपायुक्त ने अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, हुँठ का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी